- ट्रेन रद्द से रायपुर से गुजरने वाली 40 फीसदी ट्रेनों के थम जाएंगे पहिये
- वंदेभारत, गोंडवाना, गीतांजलि व छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस समेत प्रमुख ट्रेन रद्द
- 5 ट्रेन बीच में होगी समाप्त, 22 ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रेलमंत्री ने यात्रियों को दिया था आश्वासन

बजट के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रेल मंत्री ने अधिकारियों से कहा था कि नई लाइन के अलावा दूसरी, तीसरी व चौथी लाइन बिछाने के लिए रेलवे का अमला 24 घंटे डटा हुआ है। इसके कारण ट्रेनें रद्द करनी पड़ रही हैं। जाहिर है कि इससे आम जनता को परेशानी भी हो रही है। उन्होंने जोन के अधिकारियों से कहा था कि कार्य इस तरह पूरा करें कि कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित करना पड़े। इसके बाद भी जोन से एक साथ 72 ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी।

पहली बार एक साथ छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 72 ट्रेनों को रेलवे ने किया रद्द

असुविधा के लिए खेद... रक्षाबंधन से पहले 72 ट्रेनों के थमे पहिए, मुश्किल में एक लाख यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बजट के बाद छत्तीसगढ़ में रेल लाइन परियोजना का कार्य एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को कलमना रेलवे स्टेशन से जोड़ने लिए इलेक्ट्रॉनिक ▶▶शेष पेज 4 पर

17 मेमू रद्द होने से छोटे शहर तक जाना भी मुश्किल

हर बार रेलवे त्योहार के समय ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों की परेशानी बढ़ा देता है। इस बार रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त को है। इससे पहले 72 ट्रेन रद्द रहेगी, जिसमें 17 मेमू ट्रेन भी शामिल है। ऐसे में अब गांव व छोटे ▶▶शेष पेज 4 पर

ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 08 से 20 अगस्त तक इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर
- 07 से 19 अगस्त तक बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर- इतवारी
- 07 से 19 अगस्त तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर
- 06 से 18 अगस्त, टाटा से छूटने वाली 18109 टाटा- इतवारी
- 08 से 20 अगस्त इतवारी से छूटने वाली 18110 इतवारी -टाटा
- 14 से 19 अगस्त तक नागपुर से छूटने वाली 11201 नागपुर-शहडोल
- 15 से 20 अगस्त शहडोल से छूटने वाली 11202 शहडोल नागपुर
- 10 एवं 11 अगस्त तक हावड़ा से छूटने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद
- 13 एवं 14 अगस्त अहमदाबाद से छूटने वाली 12833 अहमदाबाद हावड़ा-

▶▶शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

शाह से मिले चार राज्यों के राज्यपाल

नई दिल्ली। राजस्थान, नगालैंड, मेघालय और गोवा के राज्यपालों ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। संसद स्थित गृह मंत्री के कार्यालय में राज्यपालों ने शाह से अलग-अलग मुलाकात की। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

पूजा की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज

नई दिल्ली। पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जंगाला ने कहा कि दिल्ली पुलिस को इस बात की भी जांच करनी चाहिए कि क्या यूपीएससी के अंदर से किसी ने खेडकर की मदद की थी।

वज्रपात की चपेट में आकर 12 की मौत

पटना। बिहार के दो जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई। पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जहानाबाद जिले में तीन और रोहतास में दो व्यक्तियों की मौत हुई है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

सुप्रीम कोर्ट का एससी-एसटी आरक्षण पर अहम फैसला

19 साल पहले का अपना ही फैसला पलटा, अब कोटे के अंदर 'कोटा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति में कोटे में कोटे को मंजूरी दे दी है। कोर्ट का कहना है कि कोटे में कोटा असमानता के खिलाफ नहीं है। सात न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि अब अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण, अनुसूचित जाति श्रेणियों के भीतर अधिक पिछड़े लोगों के लिए अलग से कोटा प्रदान करना स्वीकार्य होगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत के निर्णय के जरिए 'ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश सरकार' मामले में शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय पीठ के 2014 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों (एससी) के किसी उप-वर्गीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि वे अपने आप में स्वजातीय समूह हैं।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने अपने 140 पृष्ठ के फैसले में कहा, संविधान के अनुच्छेद 15 (धर्म, जाति, नस्ल, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव न करना) और 16 (सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता) के तहत सरकार अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए सामाजिक पिछड़ेपन की विभिन्न श्रेणियों की पहचान करने और नुकसान की स्थिति में विशेष प्रावधान (जैसे आरक्षण देने) के लिए स्वतंत्र है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य दर्शाते हैं कि अनुसूचित जातियां सामाजिक रूप से विजातीय वर्ग हैं।

सीजेआई ने क्या कहा?

- सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 6 राय हैं। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने असहमति जताई है। सीजेआई ने कहा कि हममें से अधिकांश ने ईवी चिन्नैया के फैसले को खारिज कर दिया है और हम मानते हैं कि उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है।
- सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की बेंच ने 6:1 बहुमत से माना कि आरक्षित वर्गों यानी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है।
- सीजेआई ने अपने फैसले में ऐतिहासिक साक्ष्यों का हवाला देते हुए कहा कि अनुसूचित जातियां एक समरूप वर्ग नहीं हैं। उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता है और न ही संविधान के अनुच्छेद 341(2) का उल्लंघन करता है।

100 फीसदी आरक्षण की मंजूरी नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि उप-वर्गीकरण (सब कैटेगरी) की अनुमति देते समय राज्य किसी उप-श्रेणी के लिए 100 फीसदी आरक्षण निर्धारित नहीं कर सकता। साथ ही, राज्य को उप-श्रेणी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभवजन्य आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण को उचित ठहराना होगा।

क्या है पूरा मामला

दरअसल, 1975 में पंजाब सरकार ने आरक्षित सीटों को दो श्रेणियों में विभाजित करके अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण नीति पेश की थी। एक बाल्मीकि और मजहबी सिखों के लिए और दूसरी बाकी अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 30 साल तक ये नियम लागू रहा। उसके बाद 2006 में ये मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचा और ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2004 के फैसले का हवाला दिया गया। पंजाब सरकार को झटका लगा और इस नीति को रद्द कर दिया गया। चिन्नैया फैसले में कहा गया था कि एससी श्रेणी के भीतर सब कैटेगिरी की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

किरण कौशल संचालक चिकित्सा शिक्षा संचालक, जनक ठाकुर आयुक्त उच्च शिक्षा

कांवरे रायपुर और एक्का बिलासपुर कमिश्नर, तीन कलेक्टर भी बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने गुरुवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 अधिकारियों की पदस्थापनाओं में बदलाव किया गया है। रायपुर के कमिश्नर पद पर महादेव कावरे नियुक्त हुए हैं। बिलासपुर में नीलम नामदेव एक्का कमिश्नर होंगे। इसके साथ ही बीजापुर, महासमुंद, कोरिया जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। फेरबदल में आईएएस किरण कौशल को नया चिकित्सा शिक्षा संचालक नियुक्त किया गया है। रजत बंसल को कमिश्नर मनरेगा के साथ-साथ पीएम आवास-ग्रामीण का संचालक बनाया है। खास बात ये है कि इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल की ▶▶शेष पेज 4 पर

20 आईएएस की पदस्थापना में बदलाव

1. ऋतु सेन	ओएसडी सह निवेश आयुक्त सीएसआईडी दिल्ली
2. अलबंगन पी.	अतिरिक्त प्रभार जनशिकायत निवारण विभाग
3. नीलम नामदेव एक्का	आयुक्त बिलासपुर संभाग
4. जनक प्रसाद पाठक	आयुक्त उच्च शिक्षा
5. महादे व कावरे	आयुक्त रायपुर संभाग
6. शारदा वर्मा	अतिरिक्त प्रभार वाणिज्यककर (पंजीयन) वित्त
7. किरण कौशल	आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, रायपुर
8. अनुराग पांडेय	विशेष सचिव मंत्रालय नवा रायपुर
9 चंदन कुमार	विशेष सचिव वित्त विभाग
10 संजीव कुमार झा	संचालक विमानन का अतिरिक्त प्रभार
11. रजत बंसल	आयुक्त मनरेगा, संचालक पीएम आवास ग्रामीण
12 पुष्पेंद्र कुमार मीणा	आयुक्त वाणिज्यककर रायपुर, सचिव लोकसेवा का अतिरिक्त प्रभार भी
13 पुष्पा साहू	संयुक्त सचिव वन का अतिरिक्त प्रभार
14 मुकेश कुमार अग्रवाल	संचालक कोष ए वं लेखा
15 प्रभात मलिक	सीईओ चिप्स रायपुर
16 विनय कुमार लंगेह	कलेक्टर महासमुंद
17 जयश्री जैन	मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन
18 चंदन संजय त्रिपाठी	कलेक्टर कोरिया
19 संबित मिश्रा	कलेक्टर बीजापुर
20. वासु जैन	एसडीएम नारायणपुर

दिल्ली में ही रहेंगी आईएएस ऋतु सेन

आईएएस ऋतु सेन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आईं थी, लेकिन उनके पास कोई प्रभार नहीं था, उन्हें वापस दिल्ली में ओएसडी सह निवेश आयुक्त सीएसआईडीसी मुख्यालय दिल्ली पदस्थ किया गया है। वे दिल्ली में कार्य करते हुए मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ को रिपोर्ट करेंगी।

हाईकोर्ट ने स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर संज्ञान लिया

कलेक्टर कहां-कहां देखे, शिक्षा सचिव को भी करनी चाहिए मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर संज्ञान लिया है। इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन व स्कूल शिक्षा सचिव से शपथ पत्र पर स्कूल भवनों को ठीक करने के बारे में प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने कहा है। हाईकोर्ट ने मामले में कलेक्टर को ही जिम्मेदारी दिए जाने के जवाब पर तीखी टिप्पणी की और कहा कलेक्टर कहां-कहां देखे, शिक्षा सचिव को भी तो कुछ करना चाहिए, सचिव क्या कर रहे हैं?

1837 करोड़ रुपए का उपयोग हो रहा है या नहीं

ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री शाला जतन योजना में 1837 करोड़ सत्र 2022-23 में शासकीय स्कूलों के लिए जारी किया गया है। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जब यह जानकारी दी , तो चीफ जस्टिस ने कहा कि , इस राशि का इस्तेमाल कहाँ किया गया, वास्तव में स्कूलों की स्थिति सुधर रही है या सब कागजों पर ही है।

साय ने जगदलपुर में की घोषणा, महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त की राशि जारी की

सरकार फिर शुरू करेगी चरण पादुका और सरस्वती साइकिल योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

साय सरकार जल्द ही चरण पादुका वितरण योजना और सरस्वती साइकिल योजना फिर से शुरू करने वाली है। गुरुवार को जगदलपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी घोषणा की। श्री साय यहां जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान श्री साय ने रिमोट का बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी। इस अवसर पर ▶▶शेष पेज 4 पर

मोदी सरकार का मिल रहा पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मिशन में केन्द्र की मोदी सरकार का भरपूर सहयोग छत्तीसगढ़ को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले की राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का राज्यांश जमा नहीं करके 18 लाख गरीब बेघर लोगों को उनके पक्के घर बनाने के सपने को तोड़ दिया था।

जंगल की देखभाल हमारी जिम्मेदारी

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। श्री कश्यप ने इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आज जो पौधा उपस्थित महिलाओं को दिया है, उसका रोपण और देखभाल उनकी जिम्मेदारी है।

कश्मीर में सेना की बड़ी कार्रवाई

गुफा में बनाया आतंकी ठिकाना ध्वस्त, हथियारों का जखीरा मिला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ जम्मू

जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक गुफानुमा आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियार तथा गोला बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कालाकोट में धरमसाल इलाके के गुलाबगढ़ में संयुक्त घेराबंदी की एवं तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद बुधवार देर रात को यह तलाश अभियान शुरू किया गया था।

सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में रहा बारिश का तांडव

इस बार मानसून दक्षिण बस्तर पर पड़ रहा भारी, पुलिया टूटी, कई सड़कें हो गईं आधी

हरिभूमि सरोकार

ईई व एसडीओ को देंगे नोटिस

बस्तर जिले के पखनार रोड बारिश में खराब होने की सूचना क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने उच्च अधिकारियों को नहीं दी। इसके वजह से सीई द्वारा पीडब्ल्यूडी उत्तर बस्तर संभाग जगदलपुर क्रमांक-दो के कार्यपालन अभियंता एवं एसडीओ को नोटिस भेजा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसूनी सीजन में मैदानी इलाकों में भले ही राहत रही हो, लेकिन बस्तर के बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर में बारिश ने जमकर कहर बरपाया। एक हफ्ते की बारिश एक पुलिया बहा ले गई और कई सड़कों की मिट्टी, मुरुम काटकर उनको आधा कर दिया। हालात यह हैं कि इन सड़कों पर आवाजाही मुश्किल हो रही है। मानसून का अभी आधा सीजन बाकी है, यहां रुक रुक कर ▶▶शेष पेज 4 पर

आवागमन के लायक मार्ग को सुधारा

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की जर्जर तीन सड़कों को ग्रामीणों के आवागमन के लायक सुधारा गया है। बारिश के बाद ऐसी सड़कों की मरम्मत की जाएगी

अमेरिका के घातक विमान ए-10 वॉर्थोग पर रहेगी सबकी निगाहें

भारतीय वायुसेना के सबसे बड़े अभ्यास में आएगा 'मौत का क्रॉस'

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति इस साल अगस्त-सितंबर में आयोजित की जाएगी। इस सबसे बड़ी एयर एक्सरसाइज में अमेरिका, यूके, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस सहित 10 देशों की वायु सेनाएं और 18 देश पर्यवेक्षक के तौर पर हिस्सा लेंगे। वायुसेना के सीनियर अधिकारियों के मुताबिक इस अभ्यास में भारत समेत लगभग 30 देशों की भागीदारी होगी और भारतीय वायुसेना समेत बाकी देशों के लगभग 150 विमान शामिल होंगे। खास बात यह है कि अमेरिका इस एक्सरसाइज में एफ-16 और ए-10 वॉर्थोग जैसे फाइटर जेट हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा पहली बार होगा जब अमेरिका भारत में पहली बार ए-10 वॉर्थोग का किसी एक्सरसाइज का हिस्सा बना रहा है।

रूस और इजराइल समेत 51 देशों को किया था इनवाइट

वायुसेना से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय वायुसेना 6 अगस्त से 14 सितंबर तक अपना पहला अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' आयोजित करने जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण फेयरचाइल्ड रिपब्लिक ए-10 थंडरबोल्ट II होगा, जिसे प्यार से 'वॉर्थोग' के नाम से जाना जाता है। इस अभ्यास में अमेरिका अपना एफ-16 फाइटर एयरक्राफ्ट भी भेजेगा। एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि तरंग शक्ति सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयर एक्सरसाइज होगी। भारत ने इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रूस और इजराइल सहित कुल 51 देशों को निमंत्रण भेजा था।

भारतीय वायुसेना की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज होगी अगस्त-सितंबर में

दो चरणों में होगा तरंग शक्ति का आयोजन

वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह के मुताबिक एक्सरसाइज तरंग शक्ति का पहला फेज सुलूर (तमिलनाडु) में आयोजित होगा, जो 6 अगस्त से 14 अगस्त तक चलेगा। पहले फेज में फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और यूके की वायुसेनाएं अपने एयरक्राफ्ट के साथ शामिल हो रही हैं। पहले चरण में 32 देशों के जहाज हिस्सा लेंगे, जिनमें फाइटर एयरक्राफ्ट और ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भी होंगे।

10 देशों की वायु सेनाएं और 18 देश पर्यवेक्षक के तौर पर हिस्सा लेंगे इस एक्सरसाइज में

बुलेटप्रूफ व्हीकल्स को भी भेद सकती है इसकी गन

अमेरिकी एयरफोर्स का फेयरचाइल्ड रिपब्लिक ए-10 थंडरबोल्ट II 'वॉर्थोग' इस एयर एक्सरसाइज का प्रमुख आकर्षण होगा। खाड़ी युद्ध में अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुका गॉन-स्टील्थ ए-10 थंडरबोल्ट कम ऊंचाई पर ऑपरेशन और जबरदस्त रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया था। यह एयरक्राफ्ट अपने सटीक हमलों के लिए जाना जाता है।

मिले 'वॉर्थोग', 'फ्लाइंग गन', 'मौत का क्रॉस' और 'टैंक बस्टर' जैसे नाम

ए-10 वॉर्थोग को 1989 में अपग्रेड किया गया था, लेकिन इसमें ऑटोपायलट, इंस्ट्रूमेंट पैनल क्लॉक्स और रडार जैसे फीचरों की कमी पायलटों को खलती थी। यह केवल 365 नॉट की रफ्तार ही पकड़ सकता था। बावजूद इसके ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म में अपनी सफलता के बाद ए-10 को 'वॉर्थोग', 'फ्लाइंग गन' और 'टैंक बस्टर' जैसे कई नामों से नवाजा गया।

खबर संक्षेप

चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 21 साल हो : राघव

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने भारत में चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 से घटाकर 21 करने की मांग उठाई है। राघव चड्ढा ने कहा दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक भारत भारत है। 65% आबादी 35 साल से कम आयु की है। उन्होंने कहा कि देश में राजनीति को बुरा माना जाता है, इसलिए राजनीति में युवाओं की भागीदारी कम रहती है। हम बूढ़े नेताओं के साथ एक युवा देश है।

झारखंड : करंट लगने से पांच कांवड़ियों की मौत

लातेहार (झारखंड)। झारखंड के लातेहार जिले में कांवड़ियों के वाहन के उच्च वोल्टेज वाले तार के संपर्क में आने से बृहस्पतिवार तड़के दो नाबालिग सहित पांच कावंड़ियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा बालूमाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तम तम टोला में तड़के करीब तीन बजे हुआ। घटना में तीन लोग झुलस भी गए।

वायनाड में रेस्क्यू पूरा... 3 हजार को बचाया पीड़ितों ने किया राहुल-प्रियंका से दर्द साझा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्मी का रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब केवल शवों को खोजने का काम किया जा रहा है। वहीं, आर्मी के जनरल कमांडर ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं। अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो उसे निकालेंगे। बारिश के चलते काम में दिक्कत आ रही है। आर्मी के 5 टीमों और 3 डॉग्ज को यहां डिप्लॉय किया गया है। शाम को खतरे के चलते ऑपरेशन बंद कर देंगे। अब तक 3 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। भारी बारिश के बीच कीचड़, चट्टानों और पेड़ों के बड़े-बड़े टुकड़ों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान (एचएडीआर) के तहत भारतीय सेना ने वायनाड में विनाशकारी भूस्खलनों के बाद फंसे लोगों को बचाने में जुटी है। चिकित्सा कर्मचारियों सहित लगभग 500 कर्मियों को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार, लैंडस्लाइड के बाद सौ से ज्यादा लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अब लापता हैं। मौसम विभाग ने शुक्रवार को फिर से वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा जताया है।

वायनाड में फिर से बारिश का रेड अलर्ट, कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा

वायनाड में पीड़ितों से मिलकर बोले राहुल और प्रियंका

'आज वैसा ही महसूस हो रहा जैसा पिता की मौत पर हुआ था'

केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। लैंडस्लाइड की वजह से चार गांव पूरी तरह तबाह हो चुके हैं और कई जानें गई हैं। इस बीच गुरुवार को कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पूर्व सांसद राहुल गांधी और उनकी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रभावित इलाकों में पहुंचे और पीड़ितों से मुलाकात की। विभिन्न राहत शिविरों में पीड़ित परिवारों ने अपना दर्द साझा किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि आज उन्हें वैसा ही महसूस हो रहा है जैसा अपने पिता राजीव गांधी की मौत पर हुआ था। मदद करने की कोशिश करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि बचे हुए लोगों को उनका हक मिले। उनमें से बहुत से लोग स्थानांतरित होना चाहते हैं। यहां बहुत कुछ करने की जरूरत है।

यह राजनीति का समय नहीं

राहुल ने कहा, 'मेरे लिए यह निश्चित रूप से एक राष्ट्रीय आपदा है। देखते हैं सरकार क्या कहती है। मुझे नहीं लगता कि यह राजनीतिक मुद्दों पर बात करने का समय है। यहां के लोगों को मदद की जरूरत है। अभी समय यह सुनिश्चित करने का है कि सभी को मदद मिले. मेरी इस वक्त राजनीति में दिलचस्पी नहीं है। मेरी दिलचस्पी वायनाड के लोगों में है। 'उन्होंने कहा, 'आज, मुझे वैसा ही महसूस हो रहा है जैसा मेरे पिता की मृत्यु पर हुआ था।

'पीड़ितों के दर्द की कल्पना भी नहीं कर सकते'

प्रियंका ने कहा, 'आज हमने पीड़ितों से मिलने में पूरा दिन बिताया। यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। हम केवल कल्पना कर सकते हैं कि लोग किस दर्द से जूझ रहे हैं। हम यहां उनकी मदद करने के लिए आए हैं। हिमाचल प्रदेश में भी एक बड़ी त्रासदी हुई है। कल हम योजना बनाएंगे कि हम किसी तरह मदद कर सकते हैं खासकर उन बच्चों की जो अब अकेले रह गए हैं।'

वायनाड में मलबे में दबे चार गांवों में जेसीबी से चलेगा राहत अभियान, निकाले जाएंगे शव

खास बातचीत

कविता जोशी ▶▶| नई दिल्ली

केरल के वायनाड में भूस्खलन की वजह से मची भारी तबाही के बीच सर्वाधिक प्रभावित यानी पूरी तरह से मलबे में दबे हुए अट्टामला, मुंडाकला, चूरालमाला और पूंजरीमाला जैसे चार गांवों में भारतीय सेना अब जेसीबी मशीन और रिमोट सेंसिंग उपकरणों के जरिए राहत और बचाव अभियान चलाएगी। इनकी आवाजाही के लिए 190 फीट लंबे लोहे के 'बेली' पुल का प्रयोग किया जाएगा। पहले राहत अभियान के काम को जवान अपने हाथों की मदद से ही कर रहे थे। फिलहाल राहत अभियान में भारतीय सेना की मद्रास रेजीमेंट की प्रादेशिक सेना की एकमात्र मलयालम भाषी जवानों की 122 इंफेंट्री बटालियन युद्धस्तर पर जुटी हुई है। इसके कमांडिंग अधिकारी (सीओ) कर्नल नवीन बेनजीत ने हरिभूमि से टेलिफोन पर हुई खास बातचीत में बचाव अभियान से जुड़े हर पहलू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पेश हैं बातचीत के अंश-

जेसीबी को अभियान में क्यों शामिल किया गया? : भूस्खलन से सर्वाधिक प्रभावित गांवों में शामिल अट्टामला, मुंडाकला, चूरालमाला और पूंजरीमाला में हम राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं। ये काम जवान अपने हाथों से कर रहे थे। लेकिन इसमें अब और अधिक तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीन और रिमोट सेंसिंग उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा। गांवों के पूरी तरह से मलबे में दबे होने की वजह से वहां पर फिलहाल किसी के जिंदा बचने के उम्मीद बेहद कम है। ऐसे में हम जेसीबी के जरिए मलबे को हटाकर शवों को बाहर निकालेंगे। हादसे में अब तक कुल करीब 166 लोगों की जान गई है और 225 घायल हुए हैं। सेना ने एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया है।

राहत अभियान के पहले दिन का अनुभव कैसा था? : सेना से सबसे पहले राहत अभियान की शुरुआत 122 इंफेंट्री बटालियन के 2 अधिकारी, 3 जेसीओ और 40 अन्य रैंक ने की थी। इसे हम मालाबार टेरियस कहकर भी बुलाते हैं। ये लोग सबसे पहले उस जगह पर पहुंचे। जहां एनडीआरएफ का दल पानी का बहाव बहुत तेज होने की वजह से नदी पार करने की हिम्मत नहीं कर रहा था और वो एक छोर पर खड़ा था। राहत अभियान में लोगों को नदी के दूसरी पार से लेकर आने का था। ऐसे में जब सेना की टुकड़ी पहुंची तो सबसे पहले उसने नदी के दोनों छोर पर एक रस्सी बांधकर एनडीआरएफ के दल को नदी पार कराई। इसके बाद ही राहत अभियान की असल शुरुआत हुई।

एक दिन पहले ईरान में पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिआ की हुई है हत्या

अब हमास मिलिट्री चीफ दाइफ की इजराइली हमले में मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हमास का मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ हवाई हमले में मारा गया है। दाइफ की मौत की खबर काफी समय से चर्चा में थी, लेकिन इजराइली सेना ने गुरुवार 1 अगस्त को इसकी पुष्टि की। दावा किया गया कि उसे गाजा के खान यूनिस में 13 जुलाई को एक हवाई हमले में मार दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइल पर हमले में जिन 3 नेताओं की भूमिका थी, उनमें हमास का पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानिआ, मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ और गाजा का चीफ याह्या सिनवार शामिल थे। पहले दो की मौत के बाद हमास की टॉप लीडरशिप में अब सिनवार ही बचा है।

ईरान गया हमास चीफ मारा गया

हमास की टॉप 3 लीडरशिप में अब सिर्फ गाजा का चीफ याह्या सिनवार ही जिंदा बचा है। बुधवार यानी 31 जुलाई को ईरान में राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में गए हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिआ की एक मिसाइल अटैक में हत्या हो गई थी।

भारतीयों से लेबनान छोड़ने की एडवाइजरी जारी

मिडिल ईस्ट के मौजूदा तनाव ने बाकी देशों के लिए भी चिंता बढ़ा दी है। इस बीच लेबनान की राजधानी बेरुत स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों से देश छोड़ने को कहा है। भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों ने भी अपने नागरिकों से लेबनान की यात्रा नहीं करने की सलाह व जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है।

स्वाति मालीवाल मारपीट केस में बोला सुप्रीम कोर्ट

'बिभव का व्यवहार किसी गुंडे जैसा'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा कि क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए। बिभव ने इस साल मई में आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित रूप से हमला किया था।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने बिभव की जमानत याचिका पर सुनवाई अगले बुधवार के लिए सूचीबद्ध की। पीठ ने बिभव कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि अदालत दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से दर्ज की गई घटना के विवरण से हैरान है।

बिभव के वकील से पूछे कई सवाल

पीठ ने सिंघवी से पूछा कि क्या मुख्यमंत्री आवास एक निजी बंगला है? क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए? बिभव ने ऐसा व्यवहार किया कि जैसे कोई गुंडा मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में घुस आया हो। इस पर सिंघवी ने कहा कि चोटें गंभीर नहीं थीं। 13 मई की घटना के तीन दिन बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और एक बात यह भी है कि मालीवाल का घटना के दौरान पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल करना क्या संकेत देता है।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
94060-21769

कमला पर ट्रंप ने की नस्लीय टिप्पणी

'वह पहले भारतीय थीं अब अचानक से अश्वेत हो गईं'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अब बस चंद महीने रह गए हैं। इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस दोनों ने कमर कस ली है। आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला भी चरम पर पहुंच गया है। लेकिन इस बीच ट्रंप ने कमला हैरिस की नस्लीय पहचान को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप ने कमला हैरिस की नस्लीय पहचान पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वह जानबूझकर अश्वेत पहचान भुनाने में लगी हैं। ट्रंप ने शिकागो में नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लैक जर्नलिस्ट्स कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि वह (कमला हैरिस) हमेशा से खुद को भारत से जुड़ा हुआ बताती थीं। वह इंडियन हेरिटेज को प्रमोट करती थीं। लेकिन अब वह अचानक से अश्वेत हो गई हैं। वह अश्वेत कब से हो गईं? अब वह चाहती हैं कि उन्हें अश्वेत के तौर पर पहचाना जाए। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह भारतीय है या अश्वेत है? मैं भारतीयों और अश्वेतों दोनों का ही सम्मान करता हूं लेकिन मुझे नहीं लगता कि हैरिस के मन में इन्हें लेकर सम्मान की भावना है? क्योंकि वह हमेशा से भारतीय थीं और खुद को भारत से जुड़ा हुआ बताती थी लेकिन अब वह अचानक से अश्वेत हो गई हैं।



ट्रंप के बयान पर व्हाइट हाउस का जवाब

ट्रंप के इस बयान की व्हाइट हाउस ने निंदा करते हुए इसे अपमानजनक बताया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस मामले पर केवल उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ही खुद बोल सकती हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि किसी को यह बताने का अधिकार नहीं है कि वे कौन हैं और उसे कैसे पहचाना जाए। यह किसी का अपना फैसला है। ट्रंप की टिप्पणी अपमानजनक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह राष्ट्रपति हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल सिविल रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, निगीं, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

रायपुर
शुक्रवार, 2 अगस्त 2024
श्रावण कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 16
पृष्ठ : 12+8 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.2
न्यून. 24.4

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सावन शिवरात्रि की मंगलकामनाएं

श्री रावतपुरा सरकार
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

भारत की हैट्रिक... कुसाले को कांस्य, निशानेबाजी में पहली बार तीन पदक

एजेंसी ▶▶ शेटराउ

पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी रेंज से भारत के पदकों की हैट्रिक पूरी हो गई, जब स्वप्निल कुसाले ने ओलंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में देश के लिए पहला कांस्य पदक जीता। स्वप्निल ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 451.4 स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के लियू युकुन (463.6) ने स्वर्ण और यूक्रेन के सेरही कुलिश (461.3) ने रजत पदक जीता।

पेरिस ओलंपिक **50** मीटर राइफल थ्री पोजिशंस **451.4** स्कोर से तीसरा स्थान

मनु ने जीते दो कांस्य

भारत का इन खेलों में यह तीसरा कांस्य है। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य जीता था। भारत के ओलंपिक इतिहास में पहली बार निशानेबाजों ने तीन पदक एक ही खेलों में जीते हैं।

लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को एकतरफा मुकाबले में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 39 मिनट चले अंतिम 16 के मुकाबले में 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-12, 21-6 से शिकस्त दी। लक्ष्य की प्रणय के खिलाफ आठ मैच में यह पांचवीं जीत है।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। वह पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। स्वप्निल कुसाले को भविष्य में और कामयाबी पाने के लिए शुभकामना।'
- **द्रौपदी मुर्मु**, राष्ट्रपति

'स्वप्निल कुसाले का बेजोड़ प्रदर्शन। पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई। उनका प्रदर्शन विशेष है क्योंकि उन्होंने शानदार जज्बा और कौशल दिखाया।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

बारिश के साइड इफेक्ट

- नए संसद भवन की छत से पानी टपका

- उत्तराखंड में 12 की मौत घर ध्वस्त, इलाके जलमग्न
- हिमाचल में बादल फटा 5 की मौत, 50 लापता
- केदारनाथ यात्रा स्थगित करने की एडवाइजरी जारी
- राजस्थान में बेसमेंट में पानी, परिवार के तीन सदस्यों की मौत

भारी बारिश

मकान, पुल और सड़कें बह गईं, दिल्ली भी पानी-पानी

अब हिमाचल-उत्तराखंड में सैलाब 20 की मौत, छत्तीसगढ़ में भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

उत्तर भारत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और नदियों के उफान पर आ जाने के कारण 20 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई और कई घर बह गए तथा सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन के कारण जान गंवाने वालों की संख्या गुरुवार को 245 तक पहुंच गई। उत्तराखंड में रातभर हुई भारी बारिश के कारण 12 लोगों की मौत हो गई, कई घर ध्वस्त हो गए और कई इलाके जलमग्न हो गए। हरिद्वार जिले में छह, टेहरी में तीन, देहरादून में दो, चमोली में एक व्यक्ति की जान चली गई। हिमाचल प्रदेश भी मानसून के कहर से जूझ ▶▶शेष पेज 4 पर

वायनाड के बाद बारिश ने उत्तरभारत में कहर मचाई। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फट गया, वहीं उत्तरभारत में भारी बारिश से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कई लापता हैं। आपदाओं के कारण लापता लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान जारी है। सेना केरल के साथ इस बीच, रुद्रप्रयाग प्रशासन ने यात्रियों से अपनी केदारनाथ यात्रा स्थगित करने को कहा है।

हिमाचल प्रदेश की पार्वती नदी में जलमग्न हो गई चार मंजिला इमारत

वायनाड में अब तक 200 से अधिक मौतें

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 249 हो गई है। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। सेना ने गुरुवार को रेस्क्यू रोक दिया, वहीं शवों की तलाश के लिए अभियान जारी रखा।

अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना

इधर, देश में अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि भारत में अगस्त और सितंबर के दौरान 422.8 मिमी की दीर्घावधि औसत का 106 प्रतिशत वर्षा होगी। देश में एक जून से अब तक 453.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 445.8 मिमी होती है। यह सामान्य बारिश से दो प्रतिशत अधिक है क्योंकि जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हुई।

भारी बारिश का क्षेत्र अब सरगुजा संभाग

जुलाई की भरपाई अगस्त में, 7 जिलों में ऑरेंज व 20 जिलों में यलो अलर्ट

रायपुर। बुधवार देर रात तक शहर में रुक-रुककर होती रही बारिश के बाद गुरुवार को लोगों को थोड़ी राहत मिली। राजधानी में बादल तो छाए रहे, लेकिन दिनभर भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं हुई। हल्की बौछारें ही शहर में पड़ी। देर रात रायपुर में भारी बारिश हुई। ▶▶शेष पेज 4 पर

जानिए कहां कौन सा अलर्ट

ऑरेंज अलर्ट- बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा, दुर्ग, बेमेतरा और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई।
यलो अलर्ट- राजधानी रायपुर सहित सरगुजा, जशपुर, कोरिया, ▶▶शेष पेज 4 पर

महानदी में 20 किमी बहकर छग से ओडिशा पहुंची महिला

रायगढ़। जिले में तेज बारिश के दौरान बुधवार को सारंगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरथ में एक महिला महानदी में जा गिरी। महिला महानदी के तेज बहाव में बहते हुए 20 किमी दूर ओडिशा के पलगढा जा पहुंची जहां नदी में मछली पकड़ने उतरे मछुआरों ने महिला को जद्दोजहद करते देखा तो गहराई में जाकर उसे नदी से बाहर निकाला। बाद में इसकी सूचना ओडिशा पुलिस को दी गई और ओडिशा पुलिस ने सारंगढ पुलिस से संपर्क कर जानकारी साझा की। जिसके बाद सारंगढ़ पुलिस महिला को लेने ओडिशा रवाना हुई। ▶▶शेष पेज 4 पर

मछुआरों ने बचाया

महिला के पैरों में लोहे की बेड़ियां

उफनती हुई महानदी में 20 किलोमीटर तक बहकर आई महिला के दोनों पैरों में लोहे की जंजीर से बंधे होने के बावजूद महिला की जान बच गई। जिसके बाद से उसे बचाने वाले मछुआरे भी इसे आश्चर्य मान रहे हैं। महिला पूरी तरह से स्वस्थ है और महिला को उसके गांव भेजने की तैयारी की जा रही है। मानसिक रूप से बीमार लग रही महिला महानदी में मछली पकड़ने गए मछुआरों ने बताया कि हम लोग महिला को देखे तो वह बह कर आ रही थी बाकी जो लोग थे वो लोग भी ▶▶शेष पेज 4 पर

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ##On-road price includes ex-showroom price, insurance and registration charges. ~Ex-showroom price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *T&C apply. Offer valid from 26th Jun to 3rd Oct. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलर: **रायपुर:** छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, **राजनांदगांव:** जय हीरो 9289922357, **धमतरी:** सत्योम हीरो 9289922525, **कांकेर:** राहुल हीरो 9289922834, **महासमुंद:** वत्स हीरो 9289922623. **बलोदाबाजार:** अग्रवाल हीरो 9289922959, **आरंग:** श्री राम हीरो 9289922968, **बेमेतरा:** श्री सांई हीरो 9289922835, **कवर्धा:** सरस्वती हीरो 9289922958, **जगदलपुर:** विजयपाल हीरो 9289923064, **दंतेवाड़ा:** जय विजय हीरो 9289922990, **दल्लीराजहरा:** लक्ष्मी हीरो 9289922983, **भाटापारा:** कुशल हीरो 9289923052, **भिलाई:** इंडियन हीरो 9289922355, **दुर्ग:** उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलर:** **रायपुर:** संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, **पंडरिया:** ललित सर्विसेज़ 8770383767, **भनपुरी:** ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, **दोमुहानी:** किरण मोटर्स 9754069392, **लवन:** गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, **भिंभौरी:** श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 **गुरुर:** श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, **बोडला:** विक्की मोटर्स: 9755583102, **पांडातराई:** शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, **अभनपुर:** राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, **छुरिया:** अंकित ऑटो: 9425240565, **नवागढ़:** श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 **राजिम:** गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, **खरोरा:** अग्रवाल मोटर्स 9424212141, **सरायपाली:** बंसल ऑटो 9425513611, **डोंगरगढ़:** युवराज मोटर्स 8085160380, **तिल्दा:** आरसन मोटर्स 9340335266, **नगरी:** हर्ष ऑटो 8109502100, **पाटन:** दिव्या ऑटो 9893492107, **बागबाहरा:** प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, **कोण्डागांव:** आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, **नारायणपुर:** गुरुनानक ऑटो 9425596290, **केशकाल:** साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, **जिगड़ी:** किरन ऑटोकेयर 9754069392, **फरसगांव:** राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, **बेरला:** कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , **कसडोल:** बजरंग मोटर्स 9425511973, **बालोद:** जैन ऑटोकेयर 9425563502, **लिमतरा:** माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, **गरियाबंद:** छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, **चरोदा:** सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, **गुंदरदेही:** एम.एम. ऑटो 8720051135, **जामुल:** जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, **रिसाली:** भारत मोटर्स 9993417123, **फिंगेश्वर:** अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, **भिलाई-3:** महावीर मोटर्स, 8109100019, **कुरुद:** शिव ऑटो, 8305711110, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** **रायपुर:** आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, **भिलाई** (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** **रायपुर:** आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, **राजधानी ऑटो केयर,** (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** **रायपुर:** आरसन हीरो 9285052266, **भिलाई:** इंडियन हीरो 9289922355, **दल्लीराजहरा:** लक्ष्मी हीरो 9289922983

चिंतन

वायनाड भूस्खलन से सबक ले पहाड़-जंगल को बचाए सरकार

केरल के वायनाड जिले में भयानक भूस्खलन की घटना, स्थानीय जिला प्रशासन पर सवाल उठाती है, राज्य सरकार पर सवाल उठाती है, केंद्र पर सवाल उठाती है, जंगल, जमीन व पहाड़ के संरक्षण को लेकर बनी सरकारी नीतियों पर सवाल उठाती है, पर्यावरण संरक्षण को लेकर बने कानूनों के अमल पर सवाल उठाती है, स्थानीय राजनीति पर प्रश्न खड़ा करती है और सबसे अधिक नेता, खनन माफिया व अफसरों के बीच नेक्सस को उजागर करती है। देश में पहाड़ों के संरक्षण की स्थिति दयनीय है। केरल हो, तमिलनाडु हो, कर्नाटक हो, राजस्थान हो, उत्तराखंड हो, झारखंड हो, छत्तीसगढ़ हो या पूर्वोत्तर हो, सभी राज्यों के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहे हैं, अवैध निर्माण हो रहे हैं और मजे की बात कि सब शासन व प्रशासन की नाक के नीचे हो रहे हैं। जब तक कोई आपदा नहीं होती, सरकार कुंभकरणी नींद में होती है। दिल्ली में कोचिंग में पानी घुसने से हुई छात्रों की मौत के बाद शासन व प्रशासन बलि के बकरे को ढूंढ रहे हैं। केरल के वायनाड में भी पहाड़ी क्षेत्र में अवैध खनन हो रहे थे, अवैध निर्माण हो रहे थे, केरल सरकार व स्थानीय प्रशासन आंख मूंदे हुए थे। सरकारी लापरवाही की वजह से चार गांव बह गए, दौ सौ से अधिक लोग अकाल मौत मारे गए, सैकड़ों लापता हैं, हजारों लोग शरणार्थी बनने को मजबूर हो गए। वायनाड में भूस्खलन अचानक नहीं हुआ है, पूर्व में प्रशासन, नेता व अफसरों की मिलीभगत या हीलाहवाली की वजह से लंबे समय से खनन हो रहे थे, पर्यटन के नाम पर अवैध निर्माण हो रहे थे, जिससे उस क्षेत्र की भूस्थितिकी बिगड़ रही थी। वायनाड जिले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम जिले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए भूस्खलन ने केरल व केंद्र सरकार की पोल खोल दी है। इन सभी इलाकों को माधव गाडगिल रिपोर्ट में पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसज़ेड) घोषित किया गया है। ये रिपोर्ट पश्चिमी घाट के पर्यावरण से संबंधित है। रिपोर्ट में उन क्षेत्रों की जानकारी दी गई है, जो अधिक संवेदनशील, थोड़े कम संवेदनशील या सबसे कम संवेदनशील हैं। इस रिपोर्ट का केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के सभी राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों ने लगातार विरोध किया है। हाल के वर्षों में केरल ने इस क्षेत्र में प्लांटेशन से हटकर अन्य गतिविधियों को मंजूरी दी। वायनाड में पहले भी भूस्खलन हुआ है। वर्ष 2019 में चूरलमाला-मुंडक्कई क्षेत्र से लगभग 10 किलोमीटर दूर 17 लोगों की मौत हो गई थी। केरल वन अनुसंधान संस्थान (केएफ़आरआई) की एक रिपोर्ट में भूस्खलन की वजह चट्टानों में खनन को बताया गया था। वर्ष 2018 और वर्ष 2019 में 51 बार भूस्खलन हुए थे। संविधान के अनुच्छेद 48 ए राज्य सरकार को निर्देश देता है कि वह 'पर्यावरण की सुरक्षा और उसमें सुधार सुनिश्चित करे, तथा देश के वनों तथा वन्यजीवन की रक्षा करे। अनुच्छेद 51 ए (जी) नागरिकों को कर्तव्य प्रदान करता है कि वे 'प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे। लेकिन सरकार व नागरिक दोनों पर्यावरण की रक्षा के प्रति ईमानदार नहीं हैं। पृथ्वी पर भूमि, जल, जंगल, पहाड़, पठार व वायुमंडल का संतुलन है, इसे बिगाड़ने से ही हम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। केदारनाथ, मेघालय के हादसों से हमने सबक नहीं ली है। हमें पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी, अपने कानूनों पर अमल करना होगा और वायनाड जैसी घटनाओं के दोषियों को कटघरे तक पहुंचाना होगा। किसी की जान को जोखिम में डालने का हक किसी को नहीं है।

विश्लेषण

हिमांशु श्रीवास्तव

इजराइल से सीखें जल संकट का हल

जल संकट से निपटने के लिए हमें इजराइल से सीखने की जरूरत है। इजराइल ने वाटर मैनेजमेंट के जरिए अपने पानी के संकट को खत्म किया है। दस साल पहले इजराइल की स्थिति भी भारत जैसी ही थी। इजराइल ने इस क्षेत्र में शानदार काम किया है। उसने सेंट्रलाइज्ड वाटर मैनेजमेंट के जरिए पानी की समस्या को खत्म किया। जल संकट का समाधान तो है, लेकिन इसके लिए हमें अपने तौर-तरीके बदलने होंगे और एक बार फिर पानी के इस्तेमाल के बारे में सोचना होगा, ताकि भविष्य में हर व्यक्ति के लिए, हर जगह पर ज़रूरत के अनुसार पानी उपलब्ध हो। जल संकट के हल के लिए हम इजराइल मॉडल से सीख सकते हैं।

दुनिया में पानी की समस्या एक विकराल समस्या के रूप में जन्म ले रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। अगर हालात नहीं बदले तो आने वाले सालों में स्थितियां और बदतर हो सकती हैं। कई बड़े शहरों के बारे में कहा जा रहा है कि आने वाले समय में वहां पानी खत्म हो सकता है। कुछ साल पहले हमने चेन्नई और कई शहरों को पानी के लिए मुश्किल में देखा है। तब वहां ट्रेनों से पानी भेजा गया। दिक्कत ये भी है कि हमारी कुछ आदतें ऐसी हैं, जिससे हम रोज काफी पानी बर्बाद करते हैं और हमें पता भी नहीं चलता। भले दुनिया विकास कर रही है। पर साफ पानी मिलना कठिन होता जा रहा है। पृथ्वी पर घटते पेयजल को बचाने और जल संरक्षण के प्रति आज भी हम गंभीर नहीं हैं। हम पानी की कीमत नहीं समझ रहे हैं। यही वजह है कि आज भारत समेत विश्व के ज्यादा देशों के सामने पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

चिंता की वजह साफ है। धरातल पर तीन चौथाई पानी होने के बाद भी पीने योग्य पानी सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। उस सीमित मात्रा के पानी का इंसान ने अंधाधुंध दोहन किया है। नदी, तालाबों और झरनों को पहले ही हम केमिकल की भेंट चढ़ा चुके हैं। जो बचा हुआ है, उसे अब हम अपनी अमानत समझकर अंधाधुंध खर्च कर रहे हैं। भले, नदियों की सफाई और उन्हें प्रदूषण मुक्त करने के लिए सरकारी व गैर सरकारी अनेक संगठन काम कर रहे हैं, लेकिन ये सब कसरत ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं। वर्षा जल संरक्षण के मामले में भी हम गंभीर नहीं है। सरकारी आह्वान के बावजूद लोग वर्षा जल संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं है। पर्यावरण का असंतुलन जल संकट को और बढ़ा रहा है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता दिनों दिन कम हो रही है।

बहरहाल, दुनिया की आबादी का 18 फीसदी हिस्सा भारत में रहता है, लेकिन यहां धरती के ताजे पानी के स्रोत का केवल चार फीसदी ही है। हाल के सालों में जिस तेजी से लोगों की आय बढ़ी है, उसी तेजी से पानी की मांग भी बढ़ी है। लोग एयर कंडीशनर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे उपकरण ज्यादा खरीद रहे हैं। देश में बिजली की कुल ज़रूरत का 65 फीसदी से ज्यादा थर्मल पावर प्लांट से आता है और इनमें पानी का ज्यादा इस्तेमाल होता है। अगर बिजली का इस्तेमाल ज़्यादा होगा, तो इसके उत्पादन के लिए पानी की मांग भी उतनी ही बढ़ेगी। वहीं आय बढ़ने के साथ-साथ लोगों की खान-पान के तरीके बदले हैं। प्रोसेस्ड फूड की खपत ज्यादा हुई है और पहले के मुक़ाबले पानी की ज़रूरतें बढ़ी हैं। इसके अलावा शहरीकरण का बढ़ता दायरा और बारिश के पानी का बर्बाद होना भी बड़ी समस्या है।

गौर करने वाली बात ये है कि देश में पीने के पानी की जरूरत का 85 फीसदी भूजल से पूरा होता है। लेकिन मौजूदा समय में कई इलाक़ों में लोग पानी खरीदने को बाध्य हैं। देश में प्रदूषित पानी से हर साल क़रीब दो लाख मौतें होती हैं, जबकि लाखों लोग बीमार पड़ते हैं। पानी के संकट से परिवार तो प्रभावित होते ही हैं, इसका असर समाज पर भी पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में दस से

सात घरों में औरतें या लड़कियां पानी लाने का काम करती हैं। जिसका बुरा असर उनकी सेहत और परिवार की हालत पर तो पड़ता ही है, साथ ही इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में पानी के संकट से निपटने के लिए हमें इजराइल से सीखने की जरूरत है। इजराइल ने वाटर मैनेजमेंट के जरिए अपने पानी के संकट को खत्म किया है।

दस साल पहले इजराइल की स्थिति भी भारत जैसी ही थी। इजराइल ने इस क्षेत्र में शानदार काम किया है। इजरायल ने कोई जादू की छड़ी नहीं घुमाई है कि पानी का संकट अपने आप खत्म हो गया। उसने दशकों तक पानी की समस्या पर काम किया। सेंट्रलाइज्ड वाटर मैनेजमेंट के जरिए उसने पानी की समस्या को खत्म किया। सबसे बड़ी बात है कि इजराइल ऐसा देश है जहां की 60 फीसदी जमीन रेगिस्तान है, बाकी धरती शुष्क है। 1948 में यहां जितनी औसत बारिश होती थी, उससे अब आधी हो रही है। ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज ने यहां भी असर डाला। उस पर इजराइल की आबादी 1948 की तुलना में 10 गुना बढ़ चुकी है। लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद इजराइल ने पानी के संकट को दूर किया।

इजराइल ने सबसे पहले दो-तीन तरीकों पर काम किया। पहले तो उसने पानी की बर्बादी रोकी, दूसरी गंदे पानी को साफ करने की तकनीक विकसित की, तीसरे उसने पानी के सप्लाई के रिसोर्सेज में इजाफा किया। इजराइल का वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कमाल का है। इन दो-तीन उपायों को अपनाकर इजराइल भरपूर जल संसाधन वाला देश बन गया है। हालत ये है कि चीन, जापान और कनाडा जैसे देश इजराइल की तकनीक अपना रहे हैं और उससे मदद मांग रहे हैं।

इजराइल के पास खारे पानी को पीने लायक पानी में बदलने की उन्नत तकनीक है। इस तरह की तकनीक हमारे पास भी है। लेकिन इजराइल की तकनीक कहीं ज्यादा विकसित है। इजराइल ने ऐसी छोटी मशीनें तैयार की हैं, जो आसानी से गंदे पानी को पीने लायक पानी में तब्दील कर सकती हैं। ऐसी मशीनों की लागत भी कम है और वो कहीं भी आसानी से ले जाई जा सकती हैं। भारत में ऐसी मशीनों से लैस गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में बड़े काम आ सकती हैं। इसके साथ ही इजराइल ने हवा से पानी बनाने की तकनीक भी विकसित की है। ये अपने आप में कमाल की तकनीक है। सौर उर्जा का इस्तेमाल करके यहां हवा की नमी से पीने का पानी बनाया जाता है। इजराइल ने खेती में पानी के कम से कम इस्तेमाल की तकनीक भी विकसित की है। इससे ड्रिप या माइक्रो इरिगेशन के जरिए वहां खेती में बहुत ही कम पानी से फसलों की पैदावार होती है। इस तकनीक में पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है। इस विधि से 25 से 75 फीसदी तक पानी की बचत होती है। इजराइल ने एक और सबसे बड़ा कदम वेस्ट वाटर (गंदे पानी) को लेकर उठाया है। इजराइल करीब-करीब सारे सीवेज वाटर को ट्रीट करके खेती में इस्तेमाल लायक बना लेता है। पानी के संकट को रोकने का एक और तरीका है पानी के लीकेज को रोकना। यूरोपीय देशों तक में पाइप से पानी सप्लाई में करीब 20 से 30 फीसदी पानी लीकेज से बर्बाद हो जाता है। इजरायल में पाइप लीकेज से पानी की बर्बादी सिर्फ 9 से 10 फीसदी तक होती है।

स्पष्ट है कि समस्या का समाधान तो है, लेकिन इसके लिए हमें अपने तौर-तरीके बदलने होंगे और एक बार फिर पानी के इस्तेमाल के बारे में सोचना होगा, ताकि भविष्य में हर व्यक्ति के लिए, हर जगह पर ज़रूरत के अनुसार पानी उपलब्ध हो। नहीं तो, जैसा बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था- पानी की अहमियत हम तब जानेंगे जब कुंआ सूख जाएगा। जल संकट का हल जरूरी है।

(लेखक उद्योगपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्तनपान सप्ताह

डॉ. मोनिका शर्मा

सजगता और सहयोगी परिवेश आवश्यक

शिशु के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए स्तनपान सबसे आवश्यक और प्रभावी तरीकों में से एक है। हर वर्ष स्तनपान सप्ताह के दौरान वैश्विक स्तर पर स्तनपान को लेकर जागरूकता लाने और इसका महत्व समझाने के प्रयास किए जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और कई स्वास्थ्य मंत्रालयों तथा नागरिक समाज सहयोगियों की इस साझी कोशिश के तहत हर वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में लोगों को सजग करने के लिए कई आयोजन किए जाते हैं। मातृत्व और शिशु के पोषण के जुड़ा यह जागरूकता का उत्सव 120 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है। पहली बार 1992 में मनाया गया यह सप्ताह हर वर्ष एक विशेष विषय को संदर्भित करते हुए स्तनपान के फ़ायदों को लेकर जागरूकता लाने के साथ ही समर्थन और प्रोत्साहन देते हुए हर जगह माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की बेहतरी सुनिश्चित करने से जुड़ा है। ध्यातव्य है कि वर्ष 2024 का विषय है अंतर को कम करना- सभी के लिए स्तनपान सहायता' रखा गया है ।

दरअसल, स्तनपान मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। बच्चे के शरीर को पोषण देने वाली ब्रेस्ट फीडिंग मां के शरीर को भी कई व्याधियों से बचाती है। इतना ही नहीं, मनोवैज्ञानिक रूप से भी मां और बच्चे दोनों को इसका लाभ मिलता है। स्तनपान से मां-बच्चे के बीच संबंध मजबूत होता है। स्तनपान से शिशु की बौद्धिक क्षमता भी बढ़ती है। मानसिक और शारीरिक सेहत से जुड़े इन्हीं फ़ायदों के बारे में जन-जागरुकता बढ़ाने के लिए सप्ताह भर कुछ विशेष आयोजन किए जाते हैं। असल में मां के दूध में

कैलोरी, विटामिन, खनिज जैसे कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही बच्चों के समग्र विकास की नींव मजबूत करते हैं। वर्ष-2024 के विषय के अनुसार अभियान के तहत स्तनपान कराने वाली माताओं की स्तनपान यात्रा और विविधता का जश्न मनाया जाएगा। स्तनपान को लेकर माताओं के अनुभवों और अनुभूतियों की चर्चा जाएगी। साथ ही इस पहलू पर भी जागरूकता लाने के प्रयास किए जाएंगे कि किस तरह से परिवार, समाज, समुदाय और स्वास्थ्य कार्यकर्ता हर स्तनपान कराने वाली मां के लिए सहयोगी बन सकते हैं। किस तरह पूरा परिवेश ब्रेस्ट फीडिंग की यात्रा को सहज बनाने में मददगार बन सकता है।

विचारणीय है कि परंपरागत रूप से भारतीय परिवारों में स्तनपान को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। स्तनपान कराने वाली माताओं के प्रति अनकहा-सा सहयोगी व्यवहार सदा ही रहा है। आज वैज्ञानिक अध्ययनों से पुख्ता होती यह समझ हमेशा रही है कि स्तनपान शिशुओं के संरक्षण और संवर्धन का काम तो करता ही है, बच्चे और मां दोनों की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ाता है। माताओं में सेहत की बेहतरी से जुड़े बहुत से हार्मोन्स में सकारात्मक बदलाव लाता है। तकलीफदेह है कि आधुनिकता के फेर में बहुत महिलाएं ब्रेस्ट फीडिंग से दूसरी बना रही हैं। बहुत सी कामकाजी महिलाएं भी बच्चों को स्तनपान नहीं करवा पातीं। ऐसी स्थितियां बच्चों ही नहीं माताओं का स्वास्थ्य भी बिगाड़ रही हैं। 2 साल की उम्र तक स्तनपान कराने से बच्चे कुपोषण और बहुत सी आम बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। डेनमार्क में कोपनहेगन विश्वविद्यालय स्थित जीवन विज्ञान संकाय के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा 9, 18 और 36 माह के 330 बच्चों के आहार और स्वास्थ्य को लेकर हुए विस्तृत अध्ययन में सामने आया कि स्तनपान भविष्य में शिशु को मोटापे और मधुमेह जैसे खतरों से बचाता है। वहीं माताएं भी कई तरह की आम और गंभीर व्याधियों से बची रहती हैं। ना केवल प्रसवोत्तर स्वास्थ्य लाभ में तेजी आती है बल्कि स्तन और ओवेरियन क़ैंसर का जोखिम भी कम होता है। इसके साथ ही मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग से भी बचाव होता है। बच्चे से जुड़ाव की अनुभूति पोस्टपार्टम डिप्रेशन यानी प्रसवोत्तर अवसाद से दूर रखती है। समझना जरूरी है कि ब्रेस्ट फीडिंग बच्चे के आहार से ही नहीं मां-बच्चे के भावनात्मक पक्ष से जुड़ी क्रिया भी है। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी सभी शिशुओं को कम से कम 2 साल तक स्तनपान कराने की सलाह दी गई है। ऐसे में स्वास्थ्य सहेजने और स्नेहमयी जुड़ाव को पोसने हेतु स्तनपान के प्रति माताओं की सजगता और समग्र परिवेश का सहयोगी बनना आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व

संकलित

दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

अंतर्मन

आज की पाती

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती

एक अगस्त से नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती की जा रही है। इस दिन से अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन ने इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए, स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया और स्कूलों ने विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाती समय हैल्मेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए जरूर करना चाहिए, न कि चालान के डर से। *– प्रीतिम सिंह, धमतरी*

ट्रेंड

सिस्टम क्यों नहीं बनाया

2 करोड़ लोग रोज रेल यात्रा करते हैं, विपक्ष झूठ फैलाकर उनके मन में डर बिठाना चाहता है। 12 लाख कर्मचारी रेलवे की सुचारू रूप से चलाने के लिए मेहनत करते हैं। विपक्ष 3 दुर्घटनाओं को मुद्दा बना रहा है, कांग्रेस ने 58 साल में रेल दुर्घटना रोकने के लिए सिस्टम क्यों नहीं बनाया।

-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

पुरानी संसद अच्छी

इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहां पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे। क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम-से-कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

बीमारी का इलाज

जाति व्यवस्था अगर बीमारी है तो जातिगत जनगणना इसके इलाज के लिए उठाया हुआ कदम हो सकता है। यह बेतुका है कि जाति व्यवस्था में विश्वास न करने और जनगणना का समर्थन करने के बीच विरोधाभास है। मेरी स्थिति जाति व्यवस्था को दृढ़ता से अस्वीकार करने की है।

-योगेंद्र यादव, संस्थापक स्वराज इंडिया

बहुत आनंद आया

लंदन में अपने भारतीय समुदाय के साथ प्रार्थना और जप करने में बहुत आनंद आया। वैसे यह मेरी आध्यात्मिक आत्मा की ज़रूरत भी है। घर से दूर, लेकिन मुझे ऐसा लगा जैसे मैं घर में ही हूं।

-परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री

करंट अफेयर

बांग्लादेश ने जमात के छात्र शाखा पर लगाया प्रतिबंध

बांग्लादेश ने देशव्यापी अशांति के बाद जन सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे का हवाला देते हुए आतंकवाद रोधी कानून के तहत जमात-ए-इस्लामी और इसकी छात्र शाखा 'इस्लामी छात्र शिबिर' पर बृहस्पतिवार को प्रतिबंध लगा दिया। गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा प्रभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में इस्लामिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई। यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख सहयोगी है। बांग्लादेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर देशभर में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। सरकार ने आरोप लगाया कि जमात-ए-इस्लामी उस आंदोलन का फायदा उठा रही है, जिसमें कम से कम 150 लोग मारे गए। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के नेतृत्व वाले 14-दलों गठबंधन की बैठक के बाद हुआ है। इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि जमात को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। जमात पर प्रतिबंध लगाने का हालिया निर्णय 1972 में 'राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धर्म का दुरुपयोग' करने के कारण लगाए गए प्रारंभिक प्रतिबंध के 50 वर्ष बाद आया है।

ऑफ बीट

साल दर साल दुनिया के ग्लेशियर पीछे हट रहे

जैसे-जैसे वैश्विक तापमान साल-दर-साल बढ़ रहा है, दुनिया के ग्लेशियर पीछे हट रहे हैं। बर्फ की ये नदियाँ और यहां तक कि ग्रीनलैंड और



अंटार्कटिका को ढकने वाली बड़ी बर्फ की चादरें पिघल रही हैं - और पिघलने की गति तेज हो रही है। केवल कुछ ही प्रजातियाँ होती हैं जो ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों में रह सकती हैं, बर्फ के कीड़ों से लेकर बर्फ के पिस्सू और बर्फ के शैवाल तक। जब बर्फ पिघलती है तो इन प्रजातियों को उसके साथ पीछे हटना पड़ता है। लेकिन उन क्षेत्रों का क्या होता है जो ग्लेशियर पीछे छोड़ जाते हैं? क्या जीवन आगे बढ़ता है? शोधकर्ताओं की हमारी अंतरराष्ट्रीय टीम ने पिछला दशक इस बात की जांच में बिताया है कि जब ग्लेशियर पर्वत श्रृंखलाओं की ओर पीछे हटते हैं तो नई खुली जमीन का क्या होता है। हमने ट्रैक किया कि 46 पीछे हटने वाले ग्लेशियरों पर क्या हो रहा है: हिमालय से लेकर एंडीज़ तक, स्वालबार्ड के आर्कटिक द्वीपसमूह से लेकर दक्षिण में न्यूजीलैंड तक, और यहां तक कि मैक्सिको में उष्णकटिबंधीय ग्लेशियरों तक। हमारे नए शोध से पता चला है कि जीवन इन नए आवासों में सूक्ष्मजीवों से लेकर हार्डी लाइकेन और काई तक, घास जैसी अग्रणी प्रजातियों तक तेजी से बसने के लिए आगे बढ़ता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

BEST TIME TO BUY.

Avail exciting offers on NEXA range of cars.

CREATE. INSPIRE.

NEXA
2.5 MILLION
INSPIRING JOURNEYS

"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS."

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st August'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.

जैकेट के शेष

असुविधा के लिए .....

इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने 14 से 19 अगस्त के बीच 72 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं पांच ट्रेनें बीच में समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा 22 ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया है। रक्षाबंधन के दौरान इतनी संख्या में ट्रेन रद्द करने से 1 लाख से अधिक यात्रियों को दिक्कत होगी। रक्षाबंधन के लिए 80 प्रतिशत यात्रियों ने टिकट खरीद लिया था। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों के पास ट्रेन का दूसरा विकल्प भी नहीं बचा है। त्योहार के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ रहेगी। बता दें कि रेलवे ने पहली बार छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों को इतनी संख्या में रद्द किया है। रद्द ट्रेनों में गीतांजली, हावड़ा-अहमदाबाद, शालीमार-एलटीटी, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, गांधी धाम एक्सप्रेस समेत अन्य महानगरों को जाने वाली प्रमुख ट्रेन शामिल है। राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 228 किलोमीटर तीसरी रेल लाइन का निर्माण 3540 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

17 मेमू रद्द .....

शहरों तक जाने के लिए भी यात्रियों को ट्रेन नहीं मिल पाएगी। डोंगरगढ़-गोंदिया, इतवारी-गोंदिया, तिरोडी-तुमसर मेमू, -बालाघाट मेमू स्पेशल समेत अन्य ट्रेन रद्द करने का फैसला लिया है।

ये ट्रेनें रहेंगी रद्द ....

- 05, 07, 11 एवं 12 अगस्त 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजली एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 07, 09, 13 एवं 14 अगस्त 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 04, 05, 06, 07, 08, 09 15 अगस्त 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 06, 07, 08, 09.10, 11 व 17 अगस्त 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 11 से 17 अगस्त 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 13 से 19 अगस्त 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 07, 08, 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18 एवं 19 अगस्त 20825 बिलासपुर–नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 7, 08, 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18 एवं 19 अगस्त तक नागपुर से छूटने वाली 20826 नागपुर- बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 12, 13, 14, 15 एवं 17 अगस्त तक निजामुद्दीन से छूटने वाली 12410 निज़ामुद्दीन–रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 14, 15, 16, 17 एवं 19 अगस्त तक रायगढ़ से छूटने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 13, 15, 16 एवं 18 अगस्ततक रीवा से छूटने वाली 11756 रीवा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 16, 17 एवं 19 अगस्त तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 07, 10, 12, 14, 17 एवं 19 अगस्ततक रीवा से छूटने वाली 11754 रीवा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 08, 11, 13, 15, 18 एवं 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -07 एवं 14 अगस्त, 2024 तक सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद - रायपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -08 एवं 15 अगस्त, 2024 को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर - सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 05 एवं 09 अगस्त, 2024 को हटिया से छूटने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -07 एवं 11 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -08 एवं 15 अगस्त, 2024 को भुवनेश्वर से छूटने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को एलटीटी से छूटने वाली 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -16 अगस्त, 2024 को हटिया से छूटने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 18 अगस्त, 2024 को एलटीटी से छूटने वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 13 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली से छूटने वाली 12442 नई दिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -15 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से छूटने वाली 12441बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -15 अगस्त, 2024 को हावड़ा से छूटने वाली 12222 हावड़ा- पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 17 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 09 एवं 16 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 20857 पूरी-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 11 एवं 18 अगस्त, 2024 को साईनगर शिरडी से छूटने वाली 20858 साईनगर शिरडी- पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 16 अगस्त, 2024 को गांधीधाम से छूटने वाली 12993 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -19 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 12994 पूरी- गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को ओखा से छूटने वाली 12939 ओखा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -12 एवं 19 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से छूटने वाली 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 17 अगस्त, 2024 को सांतरागाछी से छूटने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 19 अगस्त, 2024 को पुणे से छूटने वाली 20821 पुणे- सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -08 एवं 15 अगस्त, 2024 को हावड़ा से छूटने वाली 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -10 एवं 17 अगस्त, 2024 को साईनगर शिरडी से छूटने वाली 22893 साईनगर शिरडी- हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 12 अगस्त, 2024 को साहिब नांदेड़ से छूटने वाली 12767 साहिब नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 14 अगस्त, 2024 को सांतरागाछी से छूटने वाली 12768 सांतरागाछी -साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 18 अगस्त, 2024 को ओखा से छूटने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 20 अगस्त, 2024 को शालीमार से छूटने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -14 अगस्त, 2024 को गांधीधाम से छूटने वाली 22973 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -17 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 11 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 22827 पूरी-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -13 अगस्त, 2024 को सूरत से छूटने वाली 22828 सूरत-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 01, 05 एवं 08 अगस्त, 2024 को पूरी से छूटने वाली 20823 पूरी-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -06, 08 एवं 13 अगस्त, 2024 को अजमेर से छूटने वाली 20824 अजमेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। -7 से 19 अगस्त, 2024 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। -07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 20 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 20 अगस्त, 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। -07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08281 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोडी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 19 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली 08284 तिरोडी-तुमसर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 08 से 20 अगस्त, 2024 तक तिरोडी से छूटने वाली 08282 तिरोडी-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। -08 से 20 अगस्त, 2024 तक तुमसर से छूटने वाली 08283 तुमसर-तिरोडी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। -07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 19 अगस्त, 2024 तक बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 06 से 18 अगस्त, 2024 तक रायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। - 07 से 19 अगस्त, 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से छूटने वाली 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी। -07 से 19 अगस्त, 2024 तक कोरबा से छूटने वाली 18239 कोरबा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। **बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां :-** - 13 से 18 अगस्त, 2024 तक मुंबई से चलने वाली 12105 मुंबई-गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। -14 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया के स्थान पर यह गाड़ी वर्धा से मुंबई के लिए रवाना होगी 12106 गोंदिया-मुंबई एक्सप्रेस यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। -12 से 17 अगस्त, 2024 तक कोल्हापुर से चलने वाली 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस वर्धा में ही समाप्त होगी यह गाड़ी वर्धा एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। -14 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया के स्थान पर यह गाड़ी वर्धा से कोल्हापुर के लिए रवाना होगी 11040 गोंदिया-कोल्हापुर एक्सप्रेस यह गाड़ी गोंदिया एवं वर्धा के बीच रद्द रहेगी। -07 से 19 अगस्त, 2024 तक गोंदिया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से चलाने वाली 08743/08744 गोंदिया- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया एक्सप्रेस यह गाड़ी कामटी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के बीच रद्द रहेगी। **परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां :-** 06, 10, 11, 13, 14, 15 एवं 18 अगस्त, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाडा-बल्हारशाह-नागपुर होकर चलेगी। 08, 12, 13, 15, 16, 17 एवं 20 अगस्त, 2024 को निजामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-बल्हारशाह-विजयवाडा होकर चलेगी। 05, 06, 12 एवं 13 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 20843 बिलासपुर –भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी–इटारसी होकर चलेगी। 08, 10, 15 एवं 17 अगस्त, 2024 को भगत की कोठी से चलने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी- बिलासपुर होकर चलेगी। 08 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 20845 बिलासपुर–बीकानेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी- इटारसी होकर चलेगी। 11 अगस्त, 2024 को बीकानेर से चलने वाली 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 14 एवं 15 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल- इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 16 एवं 17 अगस्त, 2024 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर- नई कटनी- इटारसी- भुसावल होकर चलेगी। 03, 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बर्द्धमान–आसनसोल - नई कटनी- इटारसी- भुसावल होकर चलेगी। 06, 13 एवं 20 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल-इटारसी-नई कटनी-आसनसोल-बर्द्धमान होकर चलेगी। 10 एवं 17 अगस्त, 2024 को माल्दा से चलने वाली 13425 माल्दा-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आसनसोल-नई कटनी-इटारसी- भुसावल होकर चलेगी। 12 एवं 19 अगस्त, 2024 को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-माल्दा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल-इटारसी-नई कटनी-आसनसोल होकर चलेगी। 13 अगस्त, 2024 को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इटारसी-नई कटनी-बिलासपुर होकर चलेगी। 15 अगस्त, 2024 को पूरी से चलने वाली 20918 पूरी-इंदौर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-नई कटनी-इटारसी होकर चलेगी। 12 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22815 बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर–विशाखापटनम–विजयवाड़ा होकर चलेगी। 14 अगस्त, 2024 को एर्नाकुलम से चलने वाली 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा-विशाखापटनम-रायपुर होकर चलेगी। 18 अगस्त, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 22847 विशाखापटनम-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम - विजयवाड़ा-बल्हारशाह-वर्धा-भुसावल होकर चलेगी। 20 अगस्त, 2024 को एलटीटी से चलने वाली 22848 एलटीटी-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भुसावल –वर्धा - बल्हारशाह-विजयवाड़ा- विशाखापटनम होकर चलेगी। 11 एवं 18 अगस्त, 2024 को तिरुनेलवेली से चलने वाली 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागभीड़-गोंदिया होकर चलेगी। 13 एवं 20 अगस्त, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया- नागभीड़-बल्हारशाह होकर चलेगी। 12 अगस्त, 2024 को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागभीड़-गोंदिया होकर चलेगी। 14 अगस्त, 2024 को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागभीड़-बल्हारशाह होकर चलेगी।

कांवरे रायपुर और ...

तैयारी काफी पहले से चल रही थी। पूर्व में विधानसभा सत्र के पहले फेरबदल संभावित माना जा रहा था, लेकिन कतिपय कारणों से यह मामला टल गया था। अब सरकार ने सूची जारी की है। रायपुर संभाग के कमिश्नर संजय अलंग 31 जुलाई को रिटायर हुए हैं, उनके पास बिलासपुर संभाग के कमिशनर का भी अतिरिक्त प्रभार था। लिहाजा रायपुर और बिलासपुर कमिश्नर पद पर दो अधिकारियों की नियुक्ति आवश्यक हो गई थी। सरकार ने इस फेरबदल में कई अधिकारियों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी दिए गए हैं।

सरकार फिर शुरू ....

मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव की मांग पर जगदलपुर शहर में लम्बे समय से अधूरे पड़े उच्च स्तरीय ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा कराने के लिए 1 करोड़ की राशि भी मंजूर की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में जमा होने के मेसेज के आने की पुष्टि भी की।

कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एंव बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर श्रीमती सफीरा साहू सहित कई नेता, अफसर मौजूद थे। श्री साय ने कहा कि केन्द्र सरकार की भांति छत्तीसगढ़ की सरकार भी गरीबों के कल्याण, विकास और खुशहाली के लिए समर्पित है। मोदी की गांरटी के तहत गांव गरीब, किसान, महिला, युवा आदिवासी पिछड़े सभी वर्ग के विकास के लिए योजना चलायी जा रही हैं। छत्तीसगढ़ की सरकार ने कार्यभार संभालते ही कैबिनट की पहली बैठक में 18 लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पक्का मकान बनाने की स्वीकृति दी थी। तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए इस बार साढ़े पांच हजार रूपए मानक बोरा की दर से पत्ता खरीदी की गई और पूरे सीजन पत्ता खरीदा गया।

इस बार मानसून ....

बारिश हो रही है। जाहिर है, भारी बारिश मुसीबत बढ़ाने वाली है। गौरतलब है, मानसून सक्रिय होने के बाद बस्तर के दक्षिणी क्षेत्रों में बाढ़ के हालात रहे हैं। यहां हाईवे तक पानी भर चुका था। भारी बारिश ने पुलिये और सड़कों को खासा नुकसान पहुंचाया है। सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले की दो सड़कें, कोंडागांव जिले की संबलपुर में एक और बस्तर जिले के पखनार की सड़क बेहद खराब हो चुकी है। एक तरह से मुरुम, मिट्टी के बहाव के साथ यहां आवागमन मुश्किल हो गया है।

विपक्ष के हंगामें पर रेलमंत्री बोले 'हम आपकी तरह रील बनाकर दिखाने वाले लोग नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव बृहस्पतिवार को लोकसभा सदन में उस समय नाराज हो गये जब विपक्षी सदस्यों ने लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर नारेबाजी और शोरगुल शुरू कर दिया। रेलमंत्री ने कहा कि हम आपकी तरह रील बनाकर दिखाने वाले लोग नहीं हैं। काम करने वाले लोग हैं। ये क्या तरीका है, कुछ भी बीच में बोल देते हैं। बता दें कि रेलवे की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर 'झूठ की दुकान' चलाने का आरोप लगाते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेलवे में सुरक्षा की 'कवच' प्रणाली के आधुनिक संस्करण को देश के प्रत्येक किलोमीटर रेल नेटवर्क पर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोविड के बावजूद 2020 और 2021 में इसके आगे के परीक्षण हुए और 2022 में 3000 किलोमीटर रेल नेटवर्क की परियोजना में कवच का क्रियान्वयन किया गया और इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में पिछले दो दिन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलगाड़ियों में सामान्य डिब्बों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए करीब ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन का विचार सरकार ने किया है, 50 और अमृत ट्रेन के निर्माण का फैसला लिया गया है तथा कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलाई जाएंगी।

कांग्रेस पर लगाया आरोप

रेलमंत्री ने कहा कि ट्रेनों की सुरक्षा के लिए स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली दुनिया के अधिकतर देशों में 1970 और 1980 के दशक में लगाई गई थी, लेकिन ''दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के 58 साल के कार्यकाल में और 2014 से पहले तक भारत के एक भी किलोमीटर रेलवे नेटवर्क पर यह प्रणाली नहीं लग पाई। हम मानते हैं कि कांग्रेस के समय रेलवे में कई प्रयोग किए गए, लेकिन जिस संवेदना के साथ या जिस भावना से काम होना चाहिए, नहीं किया गया। पश्चिम बंगाल के कुछ सदस्यों द्वारा ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहने के दौरान लागू 'टक्कर रोधी उपकरण' प्रणाली का उल्लेख किए जाने पर वैष्णव ने कहा कि 2006 में देश के करीब 1500 किलोमीटर रेल मार्ग पर यह प्रणाली लगाई गई। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से इसका कोई सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं था और 2012 में इसे हटा दिया गया। काम करने की जैसी पद्धति, रेलवे में जैसी गंभीरता होनी चाहिए थी, तब नहीं थी, लेकिन आज है। विपक्ष के कुछ सदस्य इस पर आपत्ति जताते देखे गए।

श्रीलंका के नौसैनिक जहाज की टक्कर, भारतीय मछुआरे की मौत

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना के जहाज की टक्कर से एक भारतीय नौका के समुद्र में पलटने से तमिलनाडु के रामेश्वरम निवासी एक मछुआरे की मौत हो गई और एक अन्य लापता हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ''अवैध रूप से मछली पकड़ने'' को लेकर श्रीलंकाई नौसेना द्वारा यांत्रिक नौका पर सवार मछुआरों को गिरफ्तार करने की कोशिश किए जाने के दौरान यह नौका पलट गई। अधिकारी ने कहा कि नौका में टक्कर लगने पर उसमें सवार रामेश्वरम के चार मछुआरे समुद्र में गिर गए। उन्होंने कहा कि घटना में मलयसामी (59) नामक एक मछुआरे की मौत होने तथा एक अन्य के लापता होने की खबर है, जबकि दो लोगों को श्रीलंकाई अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Website - www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax 07722-241599

-:: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2024/1420 धमतरी, दिनांक 1/8/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डी.एम.एफ.) मद् अंतर्गत विभिन्न वार्ड स्थलों में 07 नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य एवं 32 विभिन्न आंगनबाड़ी भवनों का मरम्मत कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 2015 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में त्रि-लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनाक 23.08.24 तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों का कार्यवार निर्धारित अनुमानित लागत एवं अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है, एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

पेज एक के शेष

अब हिमाचल-उत्तराखंड में...

रहा है, जहां बादल फटने की कई घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग लापता हो गए। घर, सड़कें और पुल कीचड़ और पानी की तेज धार में बह गए। राजस्थान के जयपुर में गुरुवार सुबह विश्वकर्मा इलाके में एक घर के बेसमेंट में बारिश का पानी घुस जाने से एक परिवार के तीन सदस्यों की डूबकर मौत हो गई। राज्य के झालावाड़ जिले में एक महिला सहित तीन लोग कालीसिंध नदी में बह गए। तीनों मोटरसाइकिल से गागरोन पुल से गुजर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बातचीत की और स्थिति का जायजा लिया।

शाह ने उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जम्मू क्षेत्र के बड़े हिस्से में भारी बारिश के बाद 60 वर्षीय एक व्यक्ति का शव नदी से निकाला गया, जबकि दो घर और सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कर्नाटक में उडुपी जिले के नेल्लिकारू गांव में भारी से बहुत भारी वर्षा के कारण एक मकान के आंशिक रूप से ढह जाने से 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो दिनों में पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने शुक्रवार को गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश तथा 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त करते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

जुलाई की भरपाई...

7 स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि शेष जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश बालोद जिले के डौंडी में 9 सेमी दर्ज हुई। आज प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बिलासपुर संभाग और सरगुजा संभाग रहेगा। सरगुजा संभाग को छोड़कर शेष सभी संभागों में पर्याप्त बारिश जुलाई माह में हुई है। भारी बारिश की संभावना को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि जुलाई की भरपाई सरगुजा संभाग में अगस्त माह में हो जाएगी। मौसम विभाग द्वारा 7 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट तथा 20 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, हरदोई, वाराणसी, डेहरी, बांकुरा, कनिंग और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर- पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। वहीं एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम बंगाल और उससे लगे दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर स्थित है। इनके प्रभाव से बारिश बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भारी बारिश तथा अन्य स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की स्थिति संभावित है।

अधिकतर स्थानों में तापमान 30 डिग्री से नीचे : बदली-बारिश के कारण प्रदेश के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 30 डिग्री नीचे चला गया है। वहीं न्यूनतम और अधिकतम तापमान अधिकतर स्थानों पर एक समान ही है। राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री कम 27.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। छग में सबसे अधिक गर्म 33.7 डिग्री तापमान के साथ बलरामपुर रहा। सबसे कम 20.3 डिग्री तापमान नारायणपुर में दर्ज किया गया।

राजधानी में 50 मिमी तक पहुंचा बारिश का आंकड़ा : रायपुर में बुधवार रात 11.30 बजे तक 40 मिली बारिश दर्ज हुई थी। रातभर होती रही बारिश के बाद यह आंकड़ा 50 मिमी तक पहुंच गया। इसके अलावा खड़गांव व चांदो में 8 सेमी, बैकुंठपुर, कटघोर, राजनांदगांव, सिममा में 7 सेमी, उसूर, रामानुजगंज व भैरमगढ़ में 6 सेमी, राजपुर, सुकमा, पोंडी, बचरा, पटना, बसना, रायगढ़, डोंगरगढ़, मनेंद्रगढ़, राजपुर और बीजापुर में 5 सेमी बारिश हुई। शेष स्थानों पर 5 सेमी से कम बारिश दर्ज की गई।

जानिए कहां, कौन...

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और कांकेर।

महानदी में 20 किमी...

जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य ओडिसा के झारसुगडा थाना क्षेत्र के पुसल्दा गांव के मछुवारों ने उफनती महानदी में बहती हुई एक महिला को सुरक्षित बचाया है। मछुवारों के द्वारा महिला से प्रारंभिक पूछताछ में उसने अपना नाम सरोजनी रणवीर बताते हुए कहा कि वह नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोर्रा गांव की रहने वाली है और तकरीबन 20 किलोमीटर दूर बहकर यहां तक पहुंची है।

महिला के पैरों में...

देखे जैसे पास में किनारे दिखी तो सभी दौड़ कर गये उसे बचा कर लाये और नाव में ला कर बैठाये उसको खाना पानी और कपड़ा लाकर दिये है। महिला के पैरों में लोहे की जंजीर बंधे होने से आशंका जताई जा रही है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

// आम सूचना //

मैं मेरे पक्षकार श्री आकाश पाटिल, आत्मज किशोरे पाटिल, उम्र लगभग 34 वर्ष, निवासी रामरहीम निवास, साई मंदिर के पास डगनिया रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित किये जाने से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री आकाश पाटिल के स्वामित्व एवं माल्कीयत की ग्राम कोदोबतर प.ह.नं. 00001, रा.नि.मं.गरियाबंद तहसील गरियाबंद जिला गरियाबंद छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 181 रकबा 1.1000 हेक्टेयर के स्वामी एवं मालिक एवं कब्जाधारी हैं को विक्रय करने हेतु श्री यशवंत साहू उम्र लगभग 47 वर्ष, आत्मज हेमलाल साहू निवासी 57, महावीरा चौक ग्राम कसेरूडीह, पोस्ट कसेरूडीह तहसील राजिम जिला गरियाबंद छ.ग. के मध्य विक्रय इकरारनामा दिनांक 05.01.2024 को निष्पादित की गई थी। यह कि मेरे पक्षकार एवं श्री यशवंत साहू के मध्य निष्पादित इकरारनामा के शर्तो के अनुसार दिनांक 25.03.2024 तक उपरोक्त इकरारशुदा भूमि का संपूर्ण पंजीयन राशि देकर यशवंत साहू के द्वारा रजिस्ट्री करवाया लिया जायेगा परन्तु विक्रय इकरारनामा की शर्तों अनुसार उक्त रजिस्ट्री निष्पादित नहीं किया गया है, जिससे मेरे पक्षकार ने श्री यशवंत साहू को टेलीफोनिक सुचना, व्हाट्सप में भी सूचना एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से इकरारनामा में दिए गए / उल्लेखित पते पर श्री यशवंत साहू को दिनांक 12.07.2024 को लिखित सूचना भेजकर उक्त विक्रय इकरारनामा निरस्ती सूचना भी भेजा गया था। अब उक्त निष्पादित इकरारनामा निष्प्रभावी एवं शून्य हो चुका है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उल्लेखित विकय इकरारनामा को निरस्त किया जाता है। अब मेरे पक्षकार एवं श्री यशवंत साहू के मध्य कोई संव्यवहार नहीं है जिससे आज दिनांक से मेरा पक्षकार किसी भी अन्य व्यक्ति के साथ उपरोक्त उल्लेखित भूमि का सौदा करने एवं विक्रय करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 1/8/2024

किशोर सिन्हा,
अंशुल अग्रवाल, समीर शर्मा,
अंजल शर्मा,
(अधिवक्तागण)
रायपुर, मो.9329692302

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR

Caveat No. /2024

CAVEATOR/
EXPECTED RESPONDENT : National Mineral Development Corporation Limited, Slurry Pipeline Unit, Bailadila Bhawan, Geedam Road, Jagdalpur, district Bastar, CG, through Authorized Signatory having registered office at Masab Tank, Castle Hills, Khanij Bhawan, Hyderabad, Telangana

VERSUS

EXPECTED PETITIONER : Any Member of General Public

CAVEAT UNDER SECTION 148 "A" OF CIVIL PROCEDURE CODE

Following is respectfully submitted on behalf of the Caveator/Expected Respondent -

That the Caveator is a Government of India Public Enterprise and it has initiated the process of laying Slurry Pipeline for transporting the iron ore fines after its conversion to iron ore concentrate in Slurry form, from Bailadila district Dantewada, CG to Nagarnar district Bastar, CG and the 15 MTPA Slurry Pipeline system (138.75 km) between Bailadila and Nagarnar will consist of 10 MTPA Ore processing plant at Bailadila and Nagarnar and other associated facilities. The proposed Slurry Pipeline will be laid in an area stretching to a total of 61 villages in two districts of Chhattisgarh i.e. Bastar & Dantewada for which Govt. of India has issued a Gazette notification dated 05.01.2018 under the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962 & notices have been served to affected land owners for obtaining land for Right of Use /Right of Way (RoU/RoW). That in compliance of the section 4 & 5 of the Petroleum & Minerals Pipeline Act, 1962, the Central Government has issued Section 6(1) notification on 04-12-2020 declaring the acquisition of right of use for the purposes of laying down the slurry pipe lines by the Caveator. A Copy of Notification dated 04-12-2020 is enclosed herewith as **Annexure C/1.**

The Caveator under the apprehension of any Writ Petition being filed in the instant matter by the any member of General Public challenging the aforesaid laying down of slurry pipeline and the notification dated 04-12-2020 before this Hon'ble Court, prays that in event of filing any such Writ Petition, this Caveator may kindly be heard prior to granting any interim relief to the expected Petitioner, in the interest of justice.

A copy/edition of the Newspaper "Haribhumi" dated 02.08.2024 (Raipur Edition) having circulation in Bastar and Dantewada district bearing the proof of the publication of this Caveat for public notice is annexed herewith as **Annexure C/2.**

BILASPUR
DATE : 02.08.2024

(MAHENDRA DUBEY)
COUNSEL FOR CAVEATOR
Chamber-36, CG High Court Bar Room
High Court Campus, Bilaspur (C.G.)
Ph. No.-9993051692, 7974679419
email mahuadubey@gmail.com

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।



वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।



मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 5590

■	1		2		3	■	4		5	6
7		■		■	8			■	9	
	■	10				■	11	12	■	
13			■	■	14		■	15	16	
	■		■	17		■	18	■		■
19	20		21		■	22		23		24
■		■		■	25		■		■	
26		27	■	28		■	■	29		
	■	30	31	■	32		33		■	
34	35	■	36			■		■	37	
38				■	39					■

बाएँ से दाए
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

शब्द पहेली- 5589 का हल

■	व	र	दा	न	■	अ	प	मा	न	■
स	■	■	य	■	म	■	ह	■	■	ह
र	■	श	रा	र	त	क	र	ना	■	व
क	ल	ह	■	■	वा	■	■	का	न	न
ना	■	र	■	अ	ला	व	■	रा	ख	■
■	दा	■	का	म	■	च	प्पू	■	रा	■
■	व	जु	■	न	म	न	■	पा	■	मु
क	त	रा	■	■	हा	■	■	ल	ल	क
ल	■	ब	लि	दा	न	क	र	ना	■	र
म	■	■	ख	■	ता	■	ई	■	■	ना
■	ना	ना	ना	नी	■	फि	स	ल	ना	■

सूडोकु नवताल - 5601

मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 5600 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

एडवाइस / अनुराग मनींद्र

बच्चों, हमारा अपने दोस्तों के साथ बहुत प्यारा रिश्ता होता है। दोस्त हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। इनसे हम हर बात साझा करते हैं। कदम-कदम पर ये साथ देते हैं। दोस्तों के साथ हमें एक अनोखी खुशी मिलती है। यह अनमोल दोस्ती और कैसे गहरी हो, कैसे हमारी बॉन्डिंग बढ़े, यह बात हमें जरूर जाननी चाहिए।

फ्रेंड्स के साथ ऐसे बढ़ेगी बॉन्डिंग

कोशिश यही होनी चाहिए कि तुम कुछ भी ऐसा ना करो, जिससे तुम्हारे दोस्त का भरोसा टूटे।

हर बच्चे को कोई ऐसा चाहिए, जिसके साथ वह खेले-कूदे, बातें करे, दिल की ऐसी बातें, जिनसे मन हल्का हो, जरूरत पड़ने पर वह मददगार भी बने। कहने का मतलब ऐसा साथ, जो हमें एक खुशी दे। ऐसा साथ देने वाला ही मित्र, दोस्त या फ्रेंड कहलाता है। हर किसी को ऐसे दोस्त की जरूरत होती है, जो हमारा साथ दे। हां बच्चों, हमारे कई ऐसे साथी होते हैं, जो कदम-कदम पर हमारा साथ देते हैं, जिनके सपोर्ट से हमारा कठिन से कठिन काम आसान हो जाता है, मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। इन दोस्तों के साथ हमें अपनी जिंदगी प्यारी-सुहानी लगती है। जब दोस्त हमारे जीवन में इतना ज्यादा महत्व रखते हैं तो हमें अपनी दोस्ती हमेशा मिठास भरी और गहरी रखनी चाहिए, यह तभी संभव है, जब हम कुछ बातों का ध्यान रखेंगे।

पक्की दोस्ती-पक्का भरोसा

बच्चों, तुम अपने दोस्तों के साथ चॉकलेट्स, टॉफी और खिलौने शेयर करते हो। इन सब चीजों के अलावा बहुत-सी ऐसी बातें भी होती हैं, जिन्हें तुम सिर्फ अपने दोस्तों के साथ ही शेयर करते हो। कई बार तुम अपने हिडेन-सीक्रेट्स भी अपने फ्रेंड के साथ शेयर करते हो। तुम्हें यह भरोसा होता है कि तुम्हारा दोस्त 'राज को राज' रखेगा। ऐसे ही तुम्हारा कोई फ्रेंड तुम पर भरोसा करके तुमसे अपने सीक्रेट्स जरूर शेयर करता होगा, तुम उसको सलाह भी देते होगे, तुम्हारी सलाह वह मानता भी होगा। इसी को कहते है पक्की, गहरी दोस्ती। लेकिन यहां तुम्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि तुम्हें उसके सीक्रेट्स किसी और के सामने डिस्क्लोज नहीं करने हैं। याद रखो, अगर दोस्ती पक्की है तो भरोसा भी पक्का होना चाहिए।

जरूरत पड़ने पर फ्रेंड की हेल्प जरूर करो

अगर तुम्हारा फ्रेंड किसी प्रॉब्लम में है तो तुम्हें उसकी हेल्प जरूर करनी चाहिए। जैसे कि तुम्हारा फ्रेंड बीमारी या किसी अन्य वजह से स्कूल नहीं जा पा रहा है, तुम रेग्युलर स्कूल जा रहे हो, तो तुम अपने फ्रेंड को क्लास में जो पढ़ाया गया है, उसे ब्रीफ करो, नोट्स व्हाट्स-एप कर दो। अगर दोस्त तुम्हारे घर के पास रहता है तो तुम उसके घर जाकर भी स्कूल में जो पढ़ाई हुई है, उसके बारे में जानकारी दे सकते हो। इसके अलावा अलग-अलग सिचुएशंस में जरूरत के अनुसार तुम अपने फ्रेंड की हेल्प कर सकते हो।

कभी मदद का एहसास मत दिलाओ

अगर तुमने अपने किसी फ्रेंड की कभी कोई मदद की है या कोई फेवर किया है तो तुम उसे बार-बार इस बात का एहसास मत दिलाओ। अगर तुम ऐसा करते हो तो तुम्हारे फ्रेंड को बुरा लग सकता है। इसका बुरा असर तुम्हारी दोस्ती पर पड़ सकता है। यह कभी ना भूलो कि अपने दोस्त की मदद करना हमारा फर्ज है।

इनसे भी कहो हैप्पी फ्रेंडशिप-डे

बच्चों, सबके परिवार में कोई-ना-कोई ऐसा जरूर होता है, जो हमसे उम्र और रिश्ते में बड़ा होता है, लेकिन उसके साथ हमारा रिश्ता दोस्तों जैसा होता हैं। ये पापा-मम्मी, चाचा-चाची, मामा-मामी, मौसी, बुआ, भाई-बहन में से कोई भी हो सकता है। इन्हें भी तुम 'हैप्पी फ्रेंडशिप-डे' बोलो। तुम इन्हें फ्रेंडशिप-डे पर कार्ड, बुके या कोई प्यारा-सा गिफ्ट भी दे सकते हो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। इससे इनके साथ तुम्हारी बॉन्डिंग बढ़ेगी।

सही सलाह मानो और दो भी

बच्चों, सच्चे दोस्त हमारी हर बात पर 'हां में हां' नहीं मिलाते हैं। यदि उन्हें कोई बात गलत लगती है, जिससे हमारा नुकसान हो सकता है या इंप्रेशन खराब हो सकता है तो हमें बताते हैं, समझाते हैं। सच्चा दोस्त हमेशा हमारा हित सोचता है। इसलिए हम उस पर नाराज होने के बजाय, अपने सच्चे दोस्तों की अच्छी सलाह पर ध्यान दें, अमल में भी लाएं। जिस तरह हमें अपने दोस्त की अच्छी सलाहें माननी चाहिए, उसी तरह हमें उसको भी अपनी अच्छी सलाहें देनी चाहिए। अगर तुम्हारा फ्रेंड कोई गलत काम कर रहा है, यहां तक कि गलत संगत में पड़ रहा है या कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे उसे या किसी को भी नुकसान हो सकता है, तो तुम उसे ऐसा करने से रोको। सच्चे दोस्त कभी अपने दोस्त को गलत मार्ग पर नहीं जाने देते।

नाराज दोस्त को मनाओ

सबसे पहले तो तुम अपने दोस्त से कुछ भी ऐसा मत बोलो या व्यवहार करो, जिससे उसे बुरा लगे और वह नाराज हो जाए। फिर भी अगर किसी वजह से तुम्हारा दोस्त तुमसे नाराज हो तो बिना देर किए उसे मना लो। बच्चों, दोस्ती का रिश्ता बहुत बड़ा होता है। सच्चे प्यारे दोस्त बहुत मुश्किल से मिलते हैं।

सॉरी और थैंक यू जरूर बोलो

अकसर कहा जाता है कि दोस्ती में 'नो सॉरी, नो थैंक यू!' ये बातें हल्के-फुल्के मोमेंट्स के लिए तो ठीक है, लेकिन अगर तुमसे कभी कोई ऐसी गलती हो गई है, जिससे तुम्हारे फ्रेंड को दुख पहुंचा है, तो तुम उसे 'सॉरी' जरूर बोलो। ऐसे ही अगर तुम्हारे फ्रेंड ने कभी तुम्हारी कोई मदद की है, तो उसे 'थैंक यू' बोलकर गले जरूर लगाओ। यह बात उसे अच्छी-प्यारी लगेगी, उसे फीलिंग से भर देगी। अपने फ्रेंड के साथ तुम्हारी बॉन्डिंग बढ़ेगी। *

इंस्पिरेशन / हर्ष रमेश

प्रकृति सबसे प्यारी सबसे न्यारी दोस्त

बच्चों, अगर देखा जाए तो सबसे गहरी दोस्ती हमारी प्रकृति से ही है। वह हमें जो देती है, अमूल्य है। इस दोस्त के प्रति हमारा कुछ फर्ज भी बनता है। आओ, इस मित्रता दिवस पर हम अपने फर्ज निभाने का संकल्प लें।

सावन का महीना है। रिमझिम फुहारों के साथ हमें चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखती है, मन प्रसन्न हो जाता है। कुछ ऐसी प्रसन्नता मिलती है, जैसे दोस्तों के साथ मिलती है। बच्चों, प्रकृति भी हमारी दोस्त है। लेकिन हम अपने स्कूल और पड़ोस के दोस्तों की चर्चा तो खूब करते हैं, लेकिन अपने बहुत ही करीबी दोस्त प्रकृति को भूले रहते हैं, जबकि वह सृष्टि के जन्म से हमारी बहुत प्यारी, बहुत ही उपयोगी-महत्वपूर्ण दोस्त है। फ्रेंडशिप-डे करीब है। हम इस दोस्त को जरूर याद करें।

ऐसी दोस्त, जो देती है जीवनः बच्चों, पेड़-पौधे हमारे सच्चे दोस्त हैं। यह दोस्ती जितनी पुरानी है, उतनी ही मजबूत है। इस दोस्ती के बगैर हम एक पल भी जीवित नहीं रह सकते। सोचो जरा, अगर पेड़-पौधे नहीं होंगे तो हमें ऑक्सीजन कहां से मिलेगी? जब हमें ऑक्सीजन नहीं मिलेगी तो हम जीवित कैसे रहेंगे? प्रकृति हमारी ऐसी दोस्त है, जो हमें जीवन देती है।

हमारा भरण-पोषण करती हैः जीवन देने के साथ प्रकृति हमारा भरण-पोषण भी करती है। एक समय था, जब इंसान पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर था। पेड़ों से मिलने वाले फल-फूल, कंदमूल खाकर वह अपनी भूख मिटाता था। नदियों का पानी पीता था। पहाड़ों में बनी गुफाओं में रहता था। पेड़ों की छाल से अपना तन ढंकता था। पेड़-पौधों, जड़ी-बूटियों से ही अपनी बीमारियों का इलाज करता था। जंगली जानवरों से बचने के लिए पेड़ों पर अपना घर बना लेता था। इस तरह प्रकृति ने ही मानव जाति के विकास का रास्ता बनाया। आज विज्ञान और तकनीक काफी विकसित हो गई है। इसके बावजूद पेड़-पौधों, नदियों और मिट्टी में दबे संसाधनों पर हमारी निर्भरता कम नहीं हुई है।

हमने अपने दोस्त से लिया, दिया कुछ नहींः प्रकृति ने हर स्थिति में मानव से अपनी दोस्ती निभाई है। उसने तरह-तरह के फल-फूल दिए हैं। लेकिन शायद हमारी ओर से दोस्ती में कमी रह गई है। हमने प्रकृति का ख्याल उस तरह नहीं रखा, जिस तरह प्रकृति हमारा रखती है। हमने अपनी दोस्त प्रकृति से सिर्फ लिया, दिया कुछ नहीं। तभी तो आज नदियां दूषित हैं, सूख रही हैं। समुद्र प्लास्टिक कचरे से भरे हैं। आज जगह-जगह कचरे के पहाड़ नजर आते हैं। दुर्गंध फैली रहती है। हवा में इतना प्रदूषण है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है। हमारी पृथ्वी की मिट्टी रसायनों के अधिक प्रयोग से अपनी उर्वर क्षमता खो रही है।

हम चुकाएं दोस्ती का मोलः बच्चों, आज वक्त आ गया है कि हम प्रकृति से अपनी सच्ची दोस्ती का मोल चुकाएं। उसका ख्याल उसी तरह रखें, जिस तरह वह हमारा ख्याल रखती है। हम सबसे पहले वृक्ष लगाकर अपनी धरती हो हरा-भरा बनाए रखें। इसे सुंदर-स्वच्छ रखकर प्रकृति के प्रति अपनी दोस्ती का फर्ज निभाने का संकल्प लें। इसके लिए मित्रता दिवस से अच्छा कौन सा दिन हो सकता है? यह नायाब तरीका भी होगा। *

जीके क्विज-115

1. पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए पहला मेडल (ब्रॉन्ज) किसने जीता?
2. हाल में 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन हैं?
3. पिछले दिनों दुनिया की पहली हाई-स्पीड कार्बन फाइबर ट्रेन का अनावरण किस देश ने किया है?
4. दीपिका कुमारी का संबंध किस खेल से है?
5. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
6. कोशिका का पावर हाउस किसे कहा जाता है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?
9. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
10. उज्जैन जिला किस नदी के किनारे बसा है?

बच्चों, जीके क्विज-115 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-114 का उत्तर : 1. 26 जुलाई, 2.अभिनव बिंद्रा, 3.डिक शूफ, 4.के. पी. शर्मा ओली, 5.गुजरात, 6.विष्णु शर्मा, 7.मिजोरम, 8.मंगोलिया, 9.हाइड्रोजन, 10.जेवलिन थ्रो

जीके क्विज-114 का सही उत्तर देने वाले : देव साहू-बालोद, कबीर-हिसार, नारायण-मनकी, देवेश-चंदली, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, क्षमानिधि-ईमेल से, अनिल-अनूपपुर, राजेश-जशपुर, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, संदीप-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद

कहानी
रेखा शाह आरबी

गोलू की मम्मी ने जब उसके कमरे की सफाई के दौरान उसकी टूटी हुई गुल्लक देखी तो चौंकीं-पैसों की ऐसी क्या जरूरत आ गई, जो गोलू ने अपनी गुल्लक तोड़ दी? उन्हें चिंता हुई, कहीं गोलू को कोई बुरी लत तो नहीं लग गई? लेकिन जब मम्मी को गुल्लक तोड़ने की वजह पता चली तो उन्हें गोलू पर बहुत गर्व महसूस हुआ। ऐसा क्या बड़ा काम किया गोलू ने?

टूटी गुल्लक

गोलू बहुत ही नेक बच्चा है। वह सबकी भलाई सोचता है। उनकी मदद के लिए जो कर सकता है, करता है। गोलू पढ़ाई में भी बहुत होशियार है। सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाले गोलू को उसके सभी क्लासमेट्स और टीचर्स बहुत प्यार करते हैं। वह अपनी मम्मी का भी बहुत दुलारा है। गोलू अपनी मम्मी से हर छोटी-बड़ी बात शेयर करता है।

एक दिन गोलू के कमरे की सफाई करते समय मम्मी को दराज में गोलू के गुल्लक के टूटे हुए टुकड़े मिले। वह सोच में पड़ गईं, 'आखिर ऐसी कौन-सी जरूरत आ पड़ी, जो गोलू ने अपनी गुल्लक तोड़ दी, मुझे कुछ बताया भी नहीं। क्या किया होगा गोलू ने उन पैसों का? उसे कहीं कोई गलत लत तो नहीं लग गई है?'

मम्मी के मन में गोलू और टूटी गुल्लक को लेकर कई तरह की शंकाए हुईं। गोलू के स्कूल से आने में अभी कुछ समय बाकी था। मम्मी को यह समय काटना मुश्किल हो रहा था। स्कूल की छुट्टी के बाद जब गोलू घर आया तो मम्मी ने तुरंत कुछ नहीं पूछा। कपड़े बदलने और खाना खाने के बाद गोलू ने कुछ देर आराम किया। जब गोलू पढ़ने बैठा तो मम्मी ने उसके सामने टूटी गुल्लक के टुकड़े रख दिए। अचानक से अपने सामने गुल्लक के टुकड़े देखकर गोलू सकपका गया।

मम्मी ने संयमित स्वर में पूछा, 'गोलू, तुमने अपनी यह गुल्लक क्यों फोड़ दी? आखिर ऐसी कौन-सी जरूरत आ गई, जो तुम्हें ऐसा करना पड़ा? तुमने हमें कुछ बताया भी नहीं, जबकि तुम मुझसे अपनी एक-एक बात शेयर करते हो।'

कुछ देर चुप रहने के बाद गोलू बोला, 'सॉरी मम्मी, मैंने आपसे छुपाकर गुल्लक तोड़ी। मम्मी, मैं गुल्लक तोड़ना नहीं चाहता था लेकिन तोड़नी पड़ गई। आप मेरे दोस्त राजू को तो जानती हैं, जिसके छोटे भाई को मैं अपनी पिछली क्लास की सारी किताबें हर साल दे दिया करता हूं।'

'हां, जानती हूं राजू को। फिर...?' गोलू के चेहरे की तरफ देखते हुए मम्मी बोलीं।

'राजू पिछले कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा था। जब मैंने उसके भाई से पूछा तो उसने मुझे बताया कि उसके पापा जिस रिक्शे को चलाकर पूरे परिवार के लिए कमाई करते थे, वह रिक्शा एक दिन एक्सीडेंट में बुरी तरह टूट गया। पिताजी ने राजू के छोटे भाई की तो किसी तरह स्कूल फीस जमा कर दी, लेकिन पैसे नहीं होने की वजह से राजू की फीस नहीं जमा कर सके। इस कारण उसका स्कूल से नाम कट गया।' गोलू ने बहुत उदास होकर मम्मी को बताया।

'ओह... !' यह सुनकर मम्मी को भी बहुत दुख हुआ।

गोलू आगे बोला, 'मम्मी, राजू पढ़ाई-लिखाई में बहुत होशियार है। वह मन लगाकर पढ़ाई करता है। मैं नहीं चाहता था कि मात्र कुछ पैसों के लिए उसकी पढ़ाई बंद हो जाए। इसीलिए मैंने अपनी गुल्लक तोड़कर उसकी फीस भर दी।'

यह सुनकर मम्मी की आंखें भर आईं। उन्होंने प्यार से गोलू का माथा चूम लिया। सच्चाई जानने के बाद उन्हें गोलू पर खूब प्यार आ रहा था। गोलू के सिर पर हाथ फेरते हुए मम्मी बोलीं, 'गोलू, तुमने राजू की फीस भरकर बहुत अच्छा काम किया बेटा। इस तरह अपने दोस्त की मदद करना बहुत बड़ी बात है। कल सुबह मैं और पापा तुम्हारे साथ राजू के घर चलेंगे। हम राजू के पापा के रिक्शे की मरम्मत करवा देंगे ताकि उनकी कमाई शुरू हो सके। उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।'

गोलू ने जब यह सुना तो खुश होकर मम्मी के गले से लिपट गया। उन्होंने भी उसे अपने आंचल में भर लिया। मम्मी को गोलू पर बहुम गर्व महसूस हो रहा था। वह बहुत प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'शाबाश मेरे लाल! तुम्हारी यह दोस्ती बनी रहे।' *

कविता
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

सुनो रे साथी

अक्कड़-बक्कड़ आती-पाती।
सुनो रे साथी, सुनो संघाती।
हम बच्चे हैं देश का गहना।
हमको है हिलमिल कर रहना।
मुश्किल में धीरज ना खोना
सुख-दुःख है मिलजुल कर सहना।
आसमान का यही संदेशा
धरती माता यही बताती।
सुनो रे साथी, सुनो संघाती।
राह कंटीली जाना होगा
आफत से टकराना होगा,
बाधाओं से लड़ते-भिड़ते
हमको मंजिल पाना होगा।
जैसे चट्टानों से लड़ती
धार नदी की बहती जाती।
सुनो रे साथी, सुनो संघाती।
ऊंच-नीच का कुछ न अर्थ है,
जात-पात की बात व्यर्थ है,
झूठ बोलना, हिंसा करना
सब धर्मों में ही अनर्थ है
यही है शिक्षा गुरुग्रंथ में
बाइबिल, गीता यही सिखातीं।
सुनो रे साथी, सुनो संघाती।

हंसगुल्ले

नव्या : रात को सूरज क्यों नहीं दिखाई देता है?
नैंसी : क्योंकि वह पूरे दिन आसमान में घूम-घूमकर थक जाता है, इसलिए रात को सो जाता है।
-खुशबू, रायपुर

टीचर : न्यूटन का नियम बताओ।
राजू : सर, पूरा तो याद नहीं, लास्ट की लाइन याद है।
टीचर : चलो, लास्ट की ही सुनाओ।
राजू : ...और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।
-तनुजा, रोहतक

चिंटू : मम्मी, आपके लिए मेरी कीमत क्या है?
मम्मी : बेटा, तुम्हारी कीमत तो मेरे लिए लाखों-करोड़ों से भी ज्यादा है।
चिंटू : तो उन्हीं लाखों-करोड़ों में से मुझे बीस रुपये दे दीजिए, बाहर आइसक्रीम वाला आया है।
-अमन, कोरबा

अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं, लेकिन इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांचों अंतर खोजो।



उत्तरः 1. बाईं तरफ खड़े लड़के के सिर पर चिड़िया नहीं है। 2.पीछे हाथ में बैडमिंटन-रैकेट लिए हुए लड़के का स्माइलिंग स्टाइल अलग है। 3.आगे खड़े लड़के ने अपना दाहिना हाथ ऊपर उठा रखा है। 4. बेस बॉल बैट के पास बॉल रखी हुई है। 5. दाईं तरफ खड़े लड़के की पतंग की टेल में तीन रिबन लगी हैं।

सही रास्ता खोजो

बच्चों, रोहन को अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करना है, लेकिन वह अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता भूल गया है। तुम रोहन को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो।

एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां कई लड़के और लड़कियों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो बच्चों के चित्र बिल्कुल एक समान हैं। ध्यान से देखो और एक समान दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजकर उनके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्किल बनाओ।



मान्यता के प्यार में दीवाने थे संजय...

मुंबई। एक्टर संजय दत्त पत्नी मान्यता और बच्चों के साथ खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। संजय ने 2008 में मान्यता से शादी की थी। इस शादी से संजय और मान्यता को जुड़वा बच्चे हैं। दोनों कपल गोल्स देते रहते हैं। मान्यता ने बी ग्रेड लवर्स लाइक अस जैसी फिल्म में भी काम किया है। ये फिल्म 2005 में रिलीज हुई थी। उस दौरान मान्यता को सारा खान के नाम से जाना जाता था। इस फिल्म में उन्हें ये ही नाम से क्रेडिट दिया गया था। हालांकि, जब उन्होंने संजय दत्त को डेट करना शुरू किया तो एक्टर ने इस फिल्म के राइट खरीद लिए और मार्केट से इसकी डीवीडी और सीडी हटवा ली थी। संजय मान्यता के प्यार में दीवाने थे।

लाइफ Style

कृतिका

'ग्यारह-ग्यारह' का मोशन पोस्टर जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ग्यारह ग्यारह' वेब सीरीज अपने ऐलान के बाद से ही दर्शकों के बीच चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में करण जौहर ने सीरीज का ट्रेलर जारी किया था। करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा निर्मित इस सीरीज में अभिनेत्री कृतिका कामरा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर का अनावरण करने के बाद निर्माताओं ने अब कृतिका को वामिका रावत के रूप में दिखाते हुए एकरोमांचक मोशन पोस्टर जारी किया है। सीरीज में कृतिका कामरा एक पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी, जो राघव के साथ मिलकर एक 15 साल पुराने मामले को सुलझा रही हैं, जिसमें एक महिला एक दशक से भी अधिक समय से अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग कर रही है, जिससे पुराने मामले फिर से खुल जाते हैं। मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'वामिका रावत- मामलों को सुलझाने की उलझनमें फंसी हुई। क्या अतीत उसे पकड़ लेगा जब दो दुनियाएं जुड़ेंगी।' इससे पहले सीरीज के बारे में बात करते हुए, कृतिका ने कहा था, 'ग्यारह-ग्यारह' की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए एक रोमांचक यात्रा रही है। यह भूमिका मेरे द्वारा पहले कभी की गईकिसी भी भूमिका से अलग है।

मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'वामिका रावत- मामलों को सुलझाने की उलझनमें फंसी हुई। क्या अतीत उसे पकड़ लेगा जब दो दुनियाएं जुड़ेंगी।'



हॉलीवुड मसाला

मार्वल के फैसले से दुखी हैं जोनाथन

लॉस एंजिलिस। 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटममैनिया में जोनाथन मेजर्स की भूमिका के बाद उन्हें एमसीयू का अगला खलनायक बनाने की तैयारी की गई थी, लेकिन फिर मार्वल ने अपना फैसला बदल लिया। जब जोनाथन मेजर्स से पूछा गया कि क्या वह मार्वल द्वारा उनके किरदार से दूर जाने के फैसले से दुखी हैं? इस पर अपने प्रतिक्रिया देते हुए जोनाथन ने कहा कि हां, बेशक दिल टूट गया। मुझे कांग पसंद है। हालांकि, डॉक्टर डूम दुष्ट है।



'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 2 का फिनाले एपिसोड लीक

लॉस एंजिलिस। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के प्रशंसक दुनियाभर में मौजूद हैं। सभी को सीजन 2 के फिनाले के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, इसकी रिलीज से पहले निर्माताओं को तगड़ा झटका लगा है। दरसअल, जियो सिनेमा पर फिनाले एपिसोड प्रसारित होने से पहले ही यह ऑनलाइन लीक हो गया है। इसको लेकर अब एचबीओ ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है। आधिकारिक बयान में लिखा है, 'हमें जानकारी मिली है कि हाउस ऑफ द ड्रैगन के सीजन फिनाले के क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आए हैं। क्लिप को एक अंतरराष्ट्रीय थर्ड-पार्टी वितरक द्वारा अनजाने में रिलीज किए जाने के बाद पोस्ट किया गया था।

पुरुषों से भी होना चाहिए सवाल

नई दिल्ली। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तब्बू इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहां दम था'के प्रचार -प्रसार में व्यस्त हैं। निर्देशक नीरज पांडे के साथ फिल्म प्रचार के दौरान अभिनेत्री ने बॉलीवुड में वेतन समानता के महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचारों को खुलकर साझा किया। एक साक्षात्कार में अभिनेत्री तब्बू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय फिल्म उद्योग में पुरुष और महिलाओं के वेतन अंतर को लेकर महिलाओं से अक्सर सवाल पूछे जाते हैं। बातचीत में उन्होंने कहा, 'हर मीडियाकर्मी महिलाओं से वेतन समानता के बारे में पूछेगा। वह कहेंगे कि एक पुरुष को अधिक भुगतान किया जाता है और आपको कम भुगतान किया जाता है। आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? आप उस व्यक्ति से क्यों नहीं पूछते जो उन्हें अधिक भुगतान कर रहा है।'

राजकुमार की 'स्त्री-2' का गाना रिलीज

नई दिल्ली। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्टर राजकुमार राव इस बात को पक्का करने में जुटे हुए हैं कि वह दर्शकों को 'स्त्री 2' के लिए टिकट बुक करने के लिए मजबूर कर दें। ये सबसे वर्सेटाइल एक्टर के करियर की सबसे बड़ी हिट बनने की राह पर बढ़ती नजर आ रही हैं। 'आज की रात' से सोशल मीडिया पर धूम मचाने के बाद एक्टर ने फिल्म का एक नया गाना शेयर किया। इसका टाइटल 'आयी नई' है। इसमें एक्टर अपनी डांसिंग स्किल्स से सेंटर स्टेज पर चमक रहे हैं। एक्टर को सचिन-जिगर की कम्पोजीशन में दिल खोलकर नाचते हुए देखा जाता है।

मिस्ट्री गर्ल का माथा चूमते नजर आए शिव ठाकरे

नई दिल्ली। कई रियलिटी शोज का हिस्सा रह चुके शिव ठाकरे अपनी निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की है, जिसमें वह एक मिस्ट्री गर्ल के साथ दिख रहे हैं। इस फोटो को देखकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। बिग बॉस 16 के बाद शिव ठाकरे की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। शो में अपने खेल से वह फाइनल तक पहुंचने में कामयाब रहे थे। बिग बॉस के बाद शिव खतरों के खिलाड़ी और झलक दिखला जा जैसे कई रियलिटी शो का हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने अब तक अपने रिलेशनशिप के बारे में किसी से भी खुलकर बात नहीं की है, लेकिन अपनी नई इंस्टाग्राम स्टोरी की वजह से वह सुर्खियों में आ गए हैं।

ओटीटी पर 9 अगस्त को रिलीज होगी 'इंडियन 2'

मुंबई। कमल हासन की 'इंडियन 2' सिनेमाघरों में उम्मीद के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। फिल्म को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा। यह फिल्म सिनेमाघरों में असफल साबित हो गई और इसकी कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। सिनेमाघरों के बाद अब इस फिल्म की उम्मीद ओटीटी रिलीज पर टिकी हुई है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 9 अगस्त को कई भाषाओं में रिलीज हो सकती है। हालांकि, इस खबर को लेकर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। वहीं, कहानी की बात करें तो फिल्म सेनापति नामक एक स्वतंत्रता सेनानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सिद्धार्थ नाम के युवक द्वारा देश में भ्रष्टाचार को उजागर करने की कोशिश के बाद भारत लौटता है। सेनापति समाज में अपराध और भ्रष्टाचार को खत्म करने का फैसला करता है और इसे स्वतंत्रता का दूसरा युद्ध कहता है।

कई बार हुआ इश्क लेकिन फिर भी अकेली रह गई ये एक्ट्रेस...

नई दिल्ली। प्यार जिंदगी में बहुत से लोगों को मिलता है, लेकिन ऐसे लोग बहुत कम होते हैं जिनका प्यार पूरा होता है और साथ जन्म जन्म का हो जाता है। हम जिस एक्ट्रेस के बारे में आज बात कर रहे हैं, प्यार के मामले में उस एक्ट्रेस का नसीब भी कुछ ऐसा ही रहा है। जिसमें लंबे समय तक बड़े पर्दे को अपनी प्रेजेंस से रोशन किया है।जितना नाम कमाया, इश्क के चर्चे भी उतने ही रहे। लेकिन, अफसोस की मोहब्बत का कोई अफसाना हकीकत न बन सका और ये एक्ट्रेस आज भी तन्हा ही जिंदगी गुजारने पर मजबूर है। ये एक्ट्रेस है द लेडी इन व्हाइट, जिन्हें सब सिमी गरेवाल के नाम से भी जानते हैं।

17 साल की उम्र में हुआ प्यार

सिमी गरेवाल को पहला प्यार 17 ही साल की उम्र में हो गया था। उनका ये प्यार थे जामनगर के महाराज। खुद सिमी गरेवाल ने एक इंटरव्यू में अपने इस प्यार के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि 17 की उम्र में उन्हें उनके पड़ोसी से प्यार हुआ। ये पड़ोसी जामनगर के महाराज थे। दोनों करीब तीन साल तक एक-दूसरे के साथ रिलेशन में रहे। इस दौरान दोनों ने अलग-अलग गेम्स और एनिमल लाइफ को एक्सप्लोर किया। सिमी गरेवाल ने उन पुराने दिनों को याद करते हुए कहा था कि वो दिन बेहद खूबसूरत थे। अब वो जब भी उन दिनों को याद करती हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती है।

रतन टाटा से भी जुड़ा नाम

इस रॉयल लवस्टोरी के अलावा सिमी गरेवाल का रिलेशन रतन टाटा के साथ भी रहा। एक्ट्रेस अपने उस रिश्ते पर भी खुल कर बात कर चुकी हैं। वो अपने इस रिलेशन को हमेशा ही एक अच्छी याद के रूप में संजो कर रखती हैं। उन्हें वो हमेशा मिस्टर परफेक्शनिस्ट के तौर पर याद करते हैं। इसके साथ ही वो उनके ह्यूमर को भी एडमायर करती रही हैं। इसके बाद 1970 में सिमी गरेवाल की शादी दिल्ली के रवि मोहन से हुई। लेकिन, ये रिश्ता भी एक दशक से ज्यादा नहीं चल सका।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

टीचर

आवश्यकता है- लेडी इंचार्ज, क्लर्क, स्पोर्ट्स टीचर, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- बायो, साइंस, फिजीक्स, केमिस्ट्री, इंगलिश एवं प्रायमरी में पढ़ाने हेतु शिक्षक/शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता। साक्षात्कार 05.08.2024, प्रातः 9:30बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई,** 9826198065, 07712252855.(RO-7499)

आवश्यकता है- Computer Teachers for MS-Office,Tally, C++, Photoshop. ICST Computer Education, Nahar Road, Santoshi Nagar, Raipur, Contact- 6266529207 (RO-6045)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर कार /ई-रिक्शा हेतु चाहिए। नशा मुक्त शाकाहारी आवश्यक। रहने खाने की सुविधा। **संपर्क सूत्रः- जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर -** 9425206595.(RO-7358)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में सभी घरेलू कार्य, ,एंव शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला एंव पुरूष (ड्रायवर या गार्ड) चाहिए। रहने की जगह दी जायेगी, ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी (बच्चे साथ में ना रहते हो) **संपर्क करें-:** 9300593000. (RO-1222)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178.** (RO-2903)

आवश्यकता है- होम एप्लायेस इलेक्ट्रॉनिक्स के टुर करने के लिए अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें। **डूमरतराई रायपुर मोबाइल नंबर-** 8103995355, 9827225230.(RO-4442)

आवश्यकता है- रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्कः निर्मल सेल्स, मो.** 7566578910. (RO-7498)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरूष महिला एंव टेली एकाउन्टेंट (फीमेल) सम्पर्क करें **राजेश होजियरी फारेस्ट कालोनी के पास** गली नं. 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201. (RO-4443)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ, OT नर्स/ ब्रदर & OT Technician की जरूरत है Salary अनुभव के आधार में CV के साथ **सम्पर्क करे- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेन्टर,** 301, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर 9575042809 (10am से 7pm, Mon to Sat.) (RO-34955)

क्लासीफाईड

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12वीं पास टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, ऑफिसबॉय 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्कः- दीपिका सर्विसेज, कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर** 9826652461. (RO-2899)

हेल्पर

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास, रावाभाटा, रायपुर,** 7471176423.(RO-34982)

ड्रायवर

आवश्यकता है- श्रीट्रेडर्स 236-237 औषधि वाटिका डूमरतराई मेडिकल C&F में कार्य हेतु अनुभवी वर्कर, पैकर, बैटरी ऑटो ड्राइवर की तुरन्त आवश्यकता है बायोडाटा **व्हाट्सएप करें-** 9425219248, 08602412770. (RO-34971)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- देवास, रीवा, प्रयागराज में रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 10000+ कमीशन 15000 से 20000 बोनस+ रहना, ट्रेन टिकट फ्री **सम्पर्क करें-** 7879951040, 7647803413.(RO-1417)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः-** APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

Property प्रापर्टी

बेचना है- जामुल दुर्गा मंदिर के पास 1600 वर्गफीट डबल स्टोरी 3 दुकान के साथ, कैलाशनगर में 60×40 , इंदिरानगर दुबे पशुआहार के पास 1800 वर्गफीट,तीनों पूर्व फेसिंग प्लाट अतिशीघ्र बेचना है। **संपर्कः-** 9329011768, 7000340419.(आरो नं.544)

Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन, 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) **संपर्क मोबाइलः-** 08826459431. (RO-2906)

फाइनेंस - लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्कः-** 8964853756.(RO-372)

छोटा विज्ञापन

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

एक खुले हुए स्वतंत्र हिंद-प्रशांत को लेकर एकजुटता से काम करेंगे भारत-वियतनाम

खास बातें

- राजधानी के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में लिया गया यह निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह के बीच गुरुवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें द्विपक्षीय सहयोग से लेकर वैश्विक चुनौतियों के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में दोनों देशों ने वर्ष 2024 से 2028 तक अपनी व्यापक सामरिक भागीदारी को एक नई कार्य योजना के जरिए क्रियान्वयन के साथ विस्तार देने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की है। बैठक के बाद जारी किए गए साझा बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम के दोनों पक्ष एक खुले हुए, स्वतंत्र, नियम आधारित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के गठन को लेकर एकजुटता से कार्य करने के लिए तैयार हैं। इसमें नई दिल्ली का सहयोग विकास की ओर होगा, ना कि विस्तारवाद की ओर।

आतंकवाद से मिलकर करेंगे मुकाबला

दोनों पक्षों ने तय किया है कि वो आतंकवाद से मुकाबले के अलावा साइबर सुरक्षा को लेकर भी अपने सहयोग को सशक्त बनाएंगे। वार्ता में सहयोग से जुड़े हुए विदेश नीति, सुरक्षा-समुद्री क्षेत्र, रक्षा सहयोग, व्यापार, निवेश, डिजिटल तकनीक, कृषि, स्पेस, आपदा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा, विज्ञान, परमाणु तकनीक, सूचना और संचार जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया गया। द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 15 बिलियन डॉलर के स्तर से आगे बढ़ाने, निवेश को लगातार बढ़ावा देने पर भी दोनों देश सहमत हैं।

बैठक में हुए छह एमओयू : विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में छह समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसमें कस्टम क्षमता विकास, कृषि शोध-शिक्षा, कानूनी सहयोग, औषधी पौधों और संस्कृति, खेल और पर्यटन से जुड़ा एमओयू शामिल है। इसके अलावा 300 मिलियन डॉलर के लाइन ऑफ क्रेडिट के लिए दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ है।

लोकसभा अध्यक्ष ने जापान के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के साथ बैठक की। जापानी संसदीय शिष्टमंडल भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर है। बिरला ने भारतीय संसद की नारी सशक्तिकरण की प्रति प्रतिबद्धता की जिक्र करते हुए कहा की फुकुशिरो को सूचित किया कि नए संसद भवन के पहले सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए।

मथुरा जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶| इलाहाबाद

खास बात

- हाईकोर्ट ने दिया ट्रायल चलाने का आदेश

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की ऑर्डर 7 रूल 11 की आपत्ति वाली अर्जी को खारिज कर दिया है। अब इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होगा।

कोर्ट को यह तय करना था कि मामले में दाखिल की गई 18 अर्जियों पर एक साथ सुनवाई हो सकेगी या नहीं। यह फैसला जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने सुनाया है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में हिंदू पक्ष की ओर से 18 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इसमें उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद की जमीन को हिंदुओं की बताया है। हिंदू पक्ष की ओर से यहां पूजा का अधिकार दिए जाने की मांग की गई। कोर्ट को अलग-अलग याचिकाओं के एकसाथ सुनवाई किए जाने को लेकर फैसला सुनाना था।

नीट पेपर लीक
13 आरोपियों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। सीबीआई ने इस मामले में 13 आरोपियों के नाम लिए हैं। आरोप पत्र में 13 आरोपियों- नीतीश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार-1, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार-2, अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार और आयुष राज शामिल हैं। सीबीआई ने अब तक इस मामले में 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 15 को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है और 58 स्थानों पर तलाशी ली है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परीक्षा रद्द करने की मांग जायज नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि पूरी परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है। इस फैसले के बाद नीट यूजी काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई। सीजेआई ने कहा कि केवल विकल्प 2 और 4 परस्पर अनन्य हैं और एक साथ नहीं हो सकते। इसलिए, आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार भौतिकी के प्रश्न 19 के विकल्प 4 को सही माना जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा, 'रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आवेदन पर पूरी परीक्षा को रद्द करने का आदेश देना उचित नहीं है।

झारखंड विधानसभा
भाजपा के 18 विधायक सस्पेंड मार्शलों ने उन्हें किया बाहर

रांची। झारखंड में भाजपा के 18 विधायकों को अशोभनीय आचरण करने के लिए दो अगस्त दोपहर दो बजे तक विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। इन्हें मार्शलों की मदद से सदन से बाहर निकाला गया क्योंकि निलंबन के बाद इन विधायकों ने सदन से बाहर जाने से इंकार कर दिया था। ये विधायक एक दिन पहले विपक्षी विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन से बाहर निकाले जाने का विरोध कर रहे थे। एक दिन पहले विपक्षी भाजपा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के विधायकों को सदन से मार्शलों की मदद से बाहर निकाला गया था।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)
No. 03-03/ TN-176/24-25/1567 Raipur, Dtd 29/ 07/2024
E-TENDER NOTICE NO. TN-176

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Date & time for bid submission
1.	HW-202/24-25 8100038345(With RLA)	AOH of pressure parts of 210MW, BHEL Boiler of Unit#1, HTPS, Korba West.	Upto 23.08.2024 15:00 Hrs
2.	CP-203/24-25 8100038336(with RLA)	Procurement of LED Lights and fittings for HTPS, K.W., DSPMTPS, K.E. and ABVTPS, Marwa.	Upto 22.08.2024 15:00 Hrs
3.	DW-204/24-25 8100038341(With RLA)	Round the year Maintenance (RYM) of Unit no. 1&2 Coal Mills XRP 883 and its Components: RCF, Coal Pipes & Bends etc. of BHEL Boilers of 2x250MW, DSPM TPS, Korba East.	Upto 19.08.2024 15:00 Hrs.
4.	DW-205/24-25 8100038343(with RLA)	Deployment of Fire Personnel for round the clock duty in three shifts for Fire Fighting, Fire Prevention, Checking and Updating of Fire Equipment's in 2x250 MW, DSPM TPS and KTPS, CSPGCL, Korba East.	Upto 19.08.2024 15:00 Hrs
5.	DW-206/24-25 8100038344(With RLA)	Round the year electrical maintenance work of main plant & BOP area at 2x250 MW, DSPM TPS, Korba East and electrical maintenance work of switchgear and motor maintenance at KTPS, Korba East under Jurisdiction of DSPM TPS.	Upto 19.08.2024 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL. CORPORATION
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
3rd Call
NIT NO: 10/Helth/Zone-2/2024 RAIPUR DATED : 01/08/2024

Online bids are invited for the following works of works up to 13/08/2024 at 17:30 hours.

क्र.	सिस्टम टेंडर नं	कार्य स्थल का नाम	कुल कुशल/ अकुशल श्रमिक	निविदा राशि (लाख रु. में)	अमानती राशि (लाख रू. में)	समयावधि
1	157068	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र.-28 में सफाई कार्य हेतु कुल-38 अकुशल श्रमिक (सफाई कामगार) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 01 वर्ष के लिए रखे जानें का कार्य।	38	61.14	0.70	12 माह

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 02/08/2024, 10:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER ZONE-2
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
Email-dpledantewada@gmail.com,

क्रमांक/143/जि.परि.ला.कॉ./रू.अभि./2024-25/ दन्तेवाड़ा, दिनांक 30/07/2024

रूचि की अभिव्यक्ति

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा, में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना / प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं अन्य योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदायकर्ता ट्रेनिंग पार्टनर हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक / संस्था / फर्म / एजेन्सी अधिक जानकारी हेतु जिला दन्तेवाड़ा के शासकीस वेबसाईट www.dantewada.nic.in का आवलोकन कर सकते है।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम दिनांक :- 30/08/2024 अपरान्ह 3 बजे
रूचि की अभिव्यक्ति खोलने की दिनांक :- 30/08/2024 अपरान्ह 4 बजे
स्थान- जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कारली, गीदम दंतेवाड़ा, छ.ग.

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रभारी अधिकारी (संयुक्त कलेक्टर)
जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज दन्तेवाड़ा
दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा छ.ग.

S-41015/2

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
कृषक नगर, रायपुर-492012 (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / स्टोर्स / 24-25 / 2022 / 3988, रायपुर, दिनांक : 31/07/2024

B.Tech. (Agricultural Engineering) and B. Tech. (Food Technology) में प्रवेश हेतु सूचना / विज्ञापन

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अन्तर्गत संचालित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों- **बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) एवं बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) में सत्र 2024-25 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु** छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी PET - 2024, JEE Mains- **2024 तथा 12th गणित समूह** (Maths, Physics, Chemistry, English) से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाईन काउसिंलिंग में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को **दिनांक 01 अगस्त, 2024 से 14 अगस्त, 2024 (रात्रि 12.00 बजे)** के मध्य ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस अवधि में पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को ही प्रावीण्यता सूची के आधार पर नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा ।

अन्य प्रदेशों के **12वी. गणित समूह** से उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इस अवधि में ऑनलाईन पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा ।

ऑनलाईन पंजीयन हेतु दिशा-निर्देश, ऑनलाईन काउसिंलिंग समय सारणी एवं अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igkv.ac.in पर 01 अगस्त, 2024 से उपलब्ध होगी ।

कुलसचिव
इ.गां.कृ.वि., रायपुर

S- 41024/1

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर, छत्तीसगढ़

निविदा

निविदा विज्ञप्ति क्र. / 616 रायपुर, दिनांक 31/07/2024

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर में स्थापित विद्युत उपकरण, कन्ट्रोल पैनल, ट्रांसफार्मर, चेन्जर पैनल व डी. जी. सेट के अनुरक्षण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आवेदन पत्र एवं शर्तें राशि रुपये 2,360/- (जी.एस.टी. सहित) के डिमांड ड्राफ्ट "छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर" के नाम से जमा कर, दिनांक 22/08/2024 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है, एवं निविदा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23/08/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक व निविदाएं उसी दिन समय 4.00 बजे निगम कार्यालय में अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगें।

महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

S-41018/2

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्र.1163/लो.क.वि/न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनाँक 01.08.24

निविदा आमंत्रण सूचना पत्र

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी वर्ग" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी.डब्लू.डी. के सड़क एवं भवन एस.ओ.आर. (प्रभावशील दिनाँक 01.01.2015) कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची पर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 27.8.24 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 27.8.24 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

1. कार्य के लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक देय है।
2. कार्य का लागत मूल्य राशि रूपये लाख में तथा अमानत राशि रूपये में है।

क्र	कार्य का नाम	कार्य की लागत/अमानत राशि
1	वार्ड क्र. 29 कयाघाट मुक्तिधाम में पाथवे, शेड एवं अन्य निमाण कार्य।	15.00/ 11250
2	वार्ड क्र. 47 मरघट्टीपारा विजयपुर में पाथवे, शेड एवं अन्य निमाण कार्य।	18.96/14300

"स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षरोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें"

कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, रायगढ़

Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

E-Procurement Tender Notice

NIT No. 064/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated 25.07.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWERRP-III in the district of Kanker for construction of 01 Bridge with estimated cost amounting Rs 179.05 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e- registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 29.07.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 20.08.2024 For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492- 002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242501523/1

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/23/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	बोकारो जिला अंतर्गत नावाडीह प्रखण्ड, पंचायत भेंडरा के राजाटांड मंगलागौरी मंदिर के पास जमुनिया नदी पर पुल निर्माण। (लम्बाई 135.56 मी०)	53445300.00	1069000.00	10000.00	24 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2024 से दिनांक 16.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

PR 331524 Rural Development (24-25)_D

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. Ltd.
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANSMISSION), RAIPUR QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, Danganiya, Raipur (C.G.)-492 013
CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX (A Government of Chhattisgarh Undertaking)
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450
No.02-19/Tender/P-38/475 Raipur, Dtd.01.08.2024
NOTICE INVITING TENDER (Through e-bidding in SAP SRM System)

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-

Sl. No.	Tender No.	Particulars of works	E.M.D. (in Rs.)	Due date of opening
1	02-19/Tender/P-38/475 dtd.01.08.2024 (RFx No.8100038507)	Providing 06 No. Testing supervisor (Highly skilled), 12 No. Testing Assistant (Semi skilled) and 38 No. Attendant (Helper)(Un-skilled) for the period of one year for various 400KV Substations on outsource basis.	Rs. 1,22,540/-	22/08/2024 14:30Hrs.

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Trans)
CSPTCL, Raipur (C.G.)

OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574567 website www.cspc.co.in E-mail:- cspgcl.coal@gmail.com
No.04-02/1247 Raipur, date 31.07.2024
E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having similar work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

Sl. No.	Tender Specification No.	Description	NIT value i/c GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)	Rfx No.
1	ED(CP-I) /2x660MW/W /2024-25/88	Topographical survey and contour survey of FCI (Fertilizer Corporation of India) land BCPP area for proposed 2x660MW TPP at HTPS, Korba west.	11,09,200/-	₹ 11,100/-	15 Days	8100038460
2	ED(CP-I) /2x660MW/W /2024-25/89	Work of dismantling of existing BHEL office shed, BHEL store shed, temporary project office shed, Tecpro office & store shed and batching plant abandoned sheds and clearance of site for proposed 2x660 MW SCTPP at vacant land adjacent od 1x500MW Korba West Extension Power House CSPGCL Korba west.	15,83,715/-	₹ 15,840/-	6 Months	8100038491

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). Due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 21.08.2024 (up to 16:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 23.08.2024 (at 16:30) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl tender notices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Civil-Project-I)
CSPGCL, Raipur

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER HASDEO CANAL W/M DIVISION, JANJGIR DISTT. JANJGIR-CHAMPA (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

Online Tenders are invited for the following works up to 20-08-2024 at 17:30 Hour

System Tender No.	NIT No. & Date	Name of Work	Probable Amount of Contract (In Lakhs)	Tender Call
156792	02/SAC/2024-25 Dtd. 01-08-2024	PROTECTION WORK, WEARING COAT & BEAUTIFICATION WORK AT U/S & D/S OF CHAMPA ANICUT UNDER HASDEO BANGO PROJECT.	277.39	Fourth Call
156794	03/SAC/2024-25 Dtd. 01-08-2024	REMODELING, C.C. LINING & STRUCTURES OF SUKHARIKALA MINOR, SONIYAPATH DISTRIBUTORY & SARAGAON MINOR 01 UNDER PHARASWANI SUB BRANCH CANAL UNDER HASDEO BANGO PROJECT.	277.62	Second Call
156795	04/SAC/2024-25 Dtd. 01-08-2024	MAINTENANCE OF C.C. LINING & STRUCTURES OF PACHORI DISTRIBUTORY, PARSAPALI DISTRIBUTORY, PARSAPALI MINOR NO. 01, 02, 03 AND TAIL MINOR UNDER PHARASWANI SUB BRANCH CANAL UNDER HASDEO BANGO PROJECT.	291.75	Second Call

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e- Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 08-08-2024 at 17:31 Hours.(IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.cgstate.gov.in under Live Tender available.

Other terms and condition of this tender visit WRD website https://eproc.cgstate.gov.in under Live Tender available.

EXECUTIVE ENGINEER
HASDEO CANAL W/M DIVISION, JANJGIR
DISTT. JANJGIR-CHAMPA (C.G.)

G-242501546/3

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 06/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 29.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	RWD/HAZ/ MMGSY/03/ 2024-25	चलकुशा	पी0डब्ल्यू0डी0 पथ चौबे से करमाटांड तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.00 कि0मी0)	3,63,95,000/-	तीन करोड़ तीरसठ लाख पनचान्वे हजार रुपये मात्र	9 (नौ) माह
2	RWD/HAZ/ MMGSY/04/ 2024-25	विष्णुगढ़	ग्राम सारुकुदर में पानी टंकी से उच्च विद्यालय सारुकुदर भाया हरिजन टोला तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.600 कि0मी0)	3,82,77,800/-	तीन करोड़ बेरासी लाख सतहत्तर हजार आठ सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह
3	RWD/HAZ/ MMGSY/05/ 2024-25	विष्णुगढ़	ग्राम खरकी शहिद–सोहर मोहर चौक से कालीकरण रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.400 कि0मी0)	1,76,51,800/-	एक करोड़ छिहत्तर लाख एकावन हजार आठ सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह
4	RWD/HAZ/ MMGSY/06/ 2024-25	विष्णुगढ़	ग्राम चटकरी से उच्चाघाना भाया रोहनियांटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.000 कि0मी0)	2,50,65,600/-	दो करोड़ पचास लाख पैसठ हजार छः सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–22.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–23.08.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 331393 Rural Work Department(24-25).D

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर
Phone/Fax No. 07781-252228 (O), 252232 (R),
E-mail- dfonpur1@gmail.com/dfo-narayanpur.cg@gov.in

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर के अंतर्गत अंतिम रूप से 02 शासकीय वाहनों (बोलेरो) को जिस स्थिति में जहां खड़ी है वहीं से निर्वतन हेतु मुहर बंद एवं खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्त अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से सूचना प्रकाशन के 21 दिवस के अंदर या दिनांक 21.08.2024, 12:00 बजे दोपहर तक 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक का, जो वनमण्डलाधिकारी, नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर के नाम से देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के विवाद अथवा प्रथम निविदा असफल होने पर क्रमश द्वितीय एवं तृतीय/ खुली निविदा आमंत्रित की जावेगी। निविदा विवरण इस प्रकार है।

निविदा कार्यक्रम

क्र.	चरण	निविदा फार्म बिक्री का अंतिम तिथि एवं समय	निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने का तिथि एवं समय	फार्म प्राप्ति, जमा, निविदा खोलने एवं नीलामी का स्थान
1	2	3	4	5	6
1	प्रथम	21.08.24 (पूर्वान्ह 12.00 बजे)	21.08.24 (अपरान्ह 2.00 बजे)	21.08.24 (अपरान्ह 3.00 बजे)	कार्यालय वनमंडलाधिकारी नारायणपुर वनमंडल, नारायणपुर
2	द्वितीय	28.08.24 (पूर्वान्ह 12.00 बजे)	28.08.24 (अपरान्ह 2.00 बजे)	28.08.24 (अपरान्ह 3.00 बजे)	
3	तृतीय खुली निविदा	04.09.24 (पूर्वान्ह 12.00 बजे)	04.09.24 (अपरान्ह 2.00 बजे)	04.09.24 (अपरान्ह 3.00 बजे)	

वनमंडलाधिकारी
नारायणपुर, वनमंडल नारायणपुर

G- 242501514/1

खबर संक्षेप

डाबर इंडिया का जून तिमाही लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी डाबर इंडिया का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 8.27 प्रतिशत बढ़कर 494.35 करोड़ रुपये रहा है। बेरोजगारी दर के कारण मांग को लेकर बने चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद उसका मुनाफा बढ़ा है।

अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक हुआ

नई दिल्ली। अदाणी एंटरप्राइजेज का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक हो गया है। कंपनी के शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 116 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,458 करोड़ रुपये रहा, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 675 करोड़ रुपये था।

टाटा मोटर्स के शुद्ध लाभ में 74 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। देश की प्रमुख वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 74 प्रतिशत बढ़कर 5,566 करोड़ रुपये हो गया है। टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की सूचना दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 3,203 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

अशोक लेलैंड की जुलाई में बिक्री आठ फीसदी घटी

नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की जुलाई में कुल बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 13,928 इकाई रह गई। पिछले साल इसी महीने में यह 15,068 इकाई रही थी। जुलाई में उसकी घरेलू बाजार में बिक्री पिछले साल के समान महीने के 14,207 इकाई के आंकड़े की तुलना में नौ प्रतिशत घटकर 12,926 इकाई रह गई।

अदाणी पोर्टस का पहला तिमाही मुनाफा 47% बढ़ा

नई दिल्ली। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली जून में समाप्त तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 3,107 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 2,119 करोड़ रुपये रहा था।

सोना 550 और चांदी 600 रुपए तेज

नई दिल्ली। घरेलू मांग तथा सकारात्मक वैश्विक रुख के कारण स्थानीय सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 550 रुपये की तेजी के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती की सरकार की बजट घोषणा के कारण हुई तीव्र गिरावट से उबरते हुए सोने में लगातार तीसरे दिन तेजी आई। सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 86,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

राज्य सीधे एफसीआई से 2800 रुपए प्रति क्विंटल चावल खरीद सकेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर राज्यों को अपनी कल्याणकारी योजनाओं के लिए चावल की जरूरत है तो वे ई-नीलामी में भाग लिए बिना भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से 2,800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सीधे चावल खरीद सकते हैं।

- राज्य ई-नीलामी में भाग लिए बिना सीधे खरीद सकेंगे चावल

पिछले साल केंद्र ने खराब मानसून के मद्देनजर कम उत्पादन की आशंकाओं के कारण राज्यों को चावल उपलब्ध नहीं कराया था। कर्नाटक ने पिछले साल अपनी कल्याणकारी योजना के लिए चावल की मांग की थी, लेकिन उसके अनुरोध खारिज कर दिया गया था।

कल्याणकारी योजनाओं के लिए यह खरीदी राज्य कर पाएंगे : केंद्रीय मंत्री

राज्य की और से अभी कोई मांग नहीं आई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी तक किसी भी राज्य की ओर से कोई मांग नहीं आई है। सरकारी बयान के अनुसार, राज्य एक अगस्त, 2024 से ई-नीलामी में भाग लिए बिना मुक्त बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत भारतीय खाद्य निगम से चावल खरीद सकते हैं। नए खरीद सत्र की शुरुआत से पहले स्टॉक के भारी अधिशेष को कम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

एथनॉल उत्पादन क्षमता में हुई वृद्धि

जोशी ने यह भी बताया कि एथनॉल उत्पादन क्षमता बढ़कर 1,589 करोड़ लीटर प्रति वर्ष हो गई है, जो देश की घरेलू एथनॉल जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये के भुगतान के साथ चालू चीनी सत्र 2023-24 के लिए 94.8 प्रतिशत से अधिक गन्ना बकाया चुका दिया गया है, जिससे गन्ना बकाया न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है।

भारत ब्रांड आटा, चावल बिकना जारी रहेगा

जोशी ने कहा कि 'भारत' ब्रांड के तहत आटा और चावल की बिक्री जो 30 जून, 2024 तक चलने वाली थी, वह जारी रहेगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र ने एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना जारी रखने का फैसला किया है। जिसे पूरी तरह से केंद्र सरकार वहन करेगी।

जून 2023 में मुक्त बाजार बिक्री योजना हुई थी बंद

जून, 2023 में केंद्र ने मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत केंद्रीय पूल से राज्य सरकारों को चावल और गेहूं की बिक्री बंद कर दी थी। यहां एक सम्मेलन में जोशी ने कहा, ''राज्य सीधे केंद्रीय पूल से 2,800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से चावल खरीद सकते हैं। उन्हें ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की जरूरत नहीं है।''

कीमतों को स्थिर रखने नीतिगत हस्तक्षेप कर सकेगी सरकार

16 और खाद्य वस्तुओं की थोक, खुदरा कीमतों पर रोजाना के आधार पर निगाह रखेगा केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार एक अगस्त से 16 और आवश्यक खाद्य वस्तुओं की थोक और खुदरा कीमतों पर रोजाना के आधार पर नजर रखेगी ताकि कीमतों को स्थिर रखने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप करने में मदद मिल सके।

उपभोक्ता मामलों का विभाग पहले से ही 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 550 केंद्रों से 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं की दैनिक कीमतों पर नजर रख रहा है। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हम अब इसमें (निगरानी की वस्तुओं में) 16 और वस्तुओं को जोड़ रहे हैं, जिससे खाद्य वस्तुओं की कुल संख्या 38 हो जाएगी जिनकी कीमतों पर रोजाना नजर रखी जाएगी।'

पीएमएस ऐप भी शुरू

मंत्री ने एक अद्यतन 'पीएमएस मोबाइल ऐप संस्करण 4.0' भी शुरू किया, जो मूल्य रिपोर्टिंग केंद्रों को 38 वस्तुओं पर दैनिक रिपोर्ट करने में मदद करेगा। मंत्री ने कहा, 'हमें दैनिक आधार पर 38 वस्तुओं की वास्तविक मूल्य स्थिति का पता चलेगा। हमें मूल्य वृद्धि के बारे में जानकारी मिलेगी। इससे नीति-निर्माण और कीमतों में अस्थिरता को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।'

सट्टा व जमाखोरी पर रोक लगेगी

सरकार द्वारा इस प्रकार के बाजार हस्तक्षेप से न केवल उचित बाजार संकेतक भेजने में मदद मिलेगी, बल्कि सट्टा व जमाखोरी की गतिविधियों पर भी रोक लगेगी।

आरबीआई ने और जिंसों को जोड़ने का दिया सुझाव

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, ''ये 38 जिंस कुल सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति) भार का करीब 31 प्रतिशत हिस्सा हैं, जबकि 22 जिंसों सीपीआई भार का 26.5 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने विभाग को मूल्य निगरानी के लिए और जिंसों को जोड़ने का सुझाव दिया है।

पीएसएफ के तहत 10 हजार करोड़ आवंटित

सरकार पहले 22 जिंसों - चावल, गेहूं, आटा, चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, मसूर दाल, चीनी, गुड़, मूंगफली तेल, सरसों तेल, वनस्पति, सूरजमुखी तेल, सोया तेल, पाम तेल, चाय, दूध, आलू, प्याज, टमाटर और नमक की निगरानी कर रही थी। मंत्री ने बताया कि सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

- केंद्र पहले ही 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर नजर रख रहा
- अब कुल खाद्य वस्तुओं की संख्या 38 हो जाएगी जिस पर नजर होगी
- खाद्य वस्तुओं में बाजरा, ज्वार, रागी, सूजी, मैदा आदि शामिल

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्याज, आलू और दालों जैसी पहचान की गई कृषि-बागवानी जिंसों की मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों से निपटने के लिए इस कोष की स्थापना की गई है। कीमतों को नियंत्रित करने में मदद के लिए इन जिंसों को विनियमित ढंग से जारी करने के लिए खरीदा और संग्रहीत किया जाता है।

हल्दी पाउडर व केला भी शामिल

ये 16 खाद्य पदार्थ हैं बाजरा (साबुत), ज्वार (साबुत), रागी (साबुत), सूजी (गेहूं), मैदा (गेहूं), बेसन, घी, मक्खन (पाश्चुरीकृत), बैंगन, अंडा, काली मिर्च, धनिया, जीरा, लाल मिर्च, हल्दी पाउडर और केला। विभाग में मूल्य निगरानी प्रभाग (पीएमडी) चयनित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखने के लिए जिम्मेदार है।

निफ्टी पहली बार 25,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स 126 अंक चढ़कर नये शिखर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी पहली बार 25,000 अंक के स्तर को पार कर गया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बैंक और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 126.21 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 81,867.55 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 59.75 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 25,010.90 अंक पर बंद हुआ। विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के प्रमुख के मुद्रास्फीतिक दबाव में कमी के कारण सितंबर में नीतिगत दर में कटौती पर विचार के संकेत से बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा।

- सेंसेक्स 126 अंक चढ़कर नए शिखर पर
- बैंक व पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में रही मजबूती

पावर ग्रिड व नेस्ले में तेजी
सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, मारुति सुजुकी इंडिया और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

महिंद्रा व टाटा स्टील में गिरावट

इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

इन्फोसिस के समर्थन में आया नैसकॉम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों का शीर्ष संगठन नैसकॉम बृहस्पतिवार को इन्फोसिस के समर्थन में खुलकर सामने आया। उसने इन्फोसिस को 32,403 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नोटिस भेजे जाने पर कहा कि यह कदम उद्योग के परिचालन मॉडल से जुड़ी समझ की कमी को दर्शाता है।

सॉफ्टवेयर एवं सेवा कंपनियों के संगठन नैसकॉम ने बयान में कहा कि हालिया कर मांग आईटी क्षेत्र से जुड़े व्यापक मुद्दों को रेखांकित करती है जिसकी वजह से कई कंपनियों को अनचाहे मुकदमों और अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है।

उद्योग निकाय ने इन्फोसिस का नाम न लेते हुए कहा, '320 अरब रुपये से अधिक की जीएसटी मांग की हालिया मीडिया रिपोर्ट उद्योग के परिचालन मॉडल के बारे में समझ की कमी को दर्शाती है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने वर्ष 2017 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए इन्फोसिस को अपनी विदेशी शाखाओं से मिली सेवाओं के एवज में 32,403 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। यह कर नोटिस पूर्व-प्रभाव वाली व्यवस्था (आरसीएम) के आधार पर भेजा गया है। दिग्गज आईटी कंपनी ने इसे 'पूर्व-कारण बताओ' नोटिस बताते हुए कहा है कि उसके हिसाब से इन खर्चों पर जीएसटी लागू नहीं होता है।

- इंफोसिस को 32,403 करोड़ का जीएसटी नोटिस भेजा गया
- दिग्गज आईटी कंपनी ने इसे 'पूर्व-कारण बताओ' नोटिस बताया

नेसकॉम ने कहा, यह सेवा आयात का मामला नहीं

नैसकॉम ने दलील दी है कि जीएसटी अधिकारी ऐसे मामलों में कंपनी के भारतीय मुख्यालय द्वारा अपनी विदेशी शाखाओं को भेजे गए धन पर नोटिस जारी कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि यह शाखा से मुख्यालय द्वारा 'सेवा के आयात' का मामला नहीं है।

जुलाई में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.82 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सरकार की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कुल रिफंड 16,283 करोड़ रुपये रहा। इस रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 14.4 प्रतिशत बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले महीने में घरेलू गतिविधियों से सकल कर राजस्व 8.9 प्रतिशत बढ़कर 1.34 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयात से प्राप्त जीएसटी राजस्व 14.2 प्रतिशत बढ़कर 48,039 करोड़ रुपये रहा। इस साल अप्रैल में जीएसटी राजस्व 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

- अब नीतिगत दर घटकर पांच फीसदी पर आ गई
- कोविड के समय ब्रिटेन ने ब्याज दर में कटौती की थी

बैंक ऑफ इंग्लैंड ने चार साल में पहली बार ब्याज दर घटाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने करीब साढ़े चार साल बाद नीतिगत ब्याज दर में बृहस्पतिवार को पहली बार कटौती की। अब नीतिगत दर घटकर पांच प्रतिशत पर आ गई है।

बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समिति ने बहुमत से प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया। इस कटौती के बाद नीतिगत दर 16 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत पर आ गई। यह वर्ष 2020 की शुरुआत में कोविड-19 महामारी आने के बाद पहला मौका है जब ब्रिटेन की नीतिगत ब्याज दर में कटौती हुई है। कई बार बढ़ोतरी होने के बाद पिछले एक साल से ब्याज दर में कोई भी बदलाव नहीं हुआ था। खुदरा मुद्रास्फीति के दो प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर आने से दरों में कटौती की संभावना जताई जा रही थी। मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद केंद्रीय बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा, ''मुद्रास्फीति से जुड़े दबाव इतने कम हो गए हैं कि हम ब्याज दर में कटौती कर पाने में सफल रहे हैं।

केंद्रीय बैंक सतर्क रवैया अपनाए हुए
हालांकि, धीरे-धीरे मुद्रास्फीति के काबू में आने पर नीतिगत दर में कटौती का सिलसिला शुरू हुआ है। इस दौरान केंद्रीय बैंकों ने सतर्क रवैया जरूर अपनाया हुआ है।

कोल इंडिया के उत्पादन में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि...

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में 6.6 प्रतिशत बढ़कर 24.43 करोड़ टन हो गया। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि में कंपनी का उत्पादन 22.91 करोड़ टन रहा था। कंपनी का उत्पादन जुलाई में 2.5 प्रतिशत बढ़कर 5.5 करोड़ टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 5.37 करोड़ टन था। अप्रैल-जुलाई अवधि में कंपनी की आपूर्ति बढ़कर 25.72 करोड़ टन हो गई। पिछले वर्ष समान अवधि में यह 24.63 करोड़ टन थी। कंपनी की आपूर्ति जुलाई में 5.96 करोड़ टन रही जबकि पिछले वर्ष इसी माह यह 5.95 करोड़ टन थी। कोल इंडिया की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

बैंकिंग सिस्टम में वापस आए दो हजार के 97.92 फीसदी नोट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2,000 रुपये के 97.92 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,409 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब लोगों के पास हैं।

आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उन्नीस मई, 2023 की स्थिति के अनुसार, उस समय चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 जुलाई, 2024 को घटकर 7,409 करोड़ रुपये रह गया।''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के 97.92 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ गये हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। चलन से हटाये गये 2,000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

- चलन से हटाए गए केवल 7409 करोड़ के नोट लोगों के पास

रैनसमवेयर अटैक के चलते बैंकों का काम प्रभावित

भारत में साइबर अटैक की चपेट में 300 बैंक, कामकाज बंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय बैंकिंग सिस्टम पर एक बड़ा साइबर अटैक किया गया है। इसके चलते लगभग 300 छोटे बैंक प्रभावित हुए हैं। इस रैनसमवेयर अटैक के चलते इन स्थानीय बैंकों को अपना कामकाज बंद करना पड़ा है। इस हमले की शिकार एक सी-एज टेक्नोलॉजीस कंपनी हुई है। यह इन सभी बैंकों को टेक्निकल सपोर्ट देती है।

- यूपीआई से पेमेंट सिस्टम भी हुआ ठप

नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने फिलहाल अस्थायी रूप से इस कंपनी के काम पर रोक लगा दी है। सूत्रों के हवाले से आई इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सी-एज टेक्नोलॉजीस पर हुए इस साइबर अटैक के चलते देश के लगभग 300 छोटे बैंकों का पेमेंट सिस्टम ठप पड़ गया। यह कंपनी पूरे देश में बैंकिंग टेक्नोलॉजी सिस्टम उपलब्ध कराती है।

पेमेंट सिस्टम नेटवर्क से बाहर रहेंगे 300 बैंक

एनपीसीआई के अनुसार, सी-एज टेक्नोलॉजीस की सर्विसेज का इस्तेमाल कर रहे बैंकों के कस्टमर कुछ समय तक पेमेंट सिस्टम का इस्तेमाल नहीं कर पाए। सूत्रों ने कहा है कि देश के पेमेंट सिस्टम पर गलत प्रभाव को रोकने के लिए फिलहाल ये 300 बैंक पेमेंट नेटवर्क से बाहर ही रहेंगे। उन्होंने बताया कि इनमें से ज्यादातर छोटे बैंक हैं। देश के कुल पेमेंट सिस्टम में इनकी सिर्फ 0.5 फीसदी हिस्सेदारी है। इसकी वजह से लोगों को ज्यादा समस्या नहीं आएगी। फिर भी इसका असर कुछ समय तक पेमेंट सिस्टम पर दिखाई दे सकता है।

आरबीआई ने दी थी चेतावनी

भारत में लगभग 1,500 कोऑपरेटिव और रीजनल बैंक हैं। इनमें से ज्यादातर का कारोबार बड़े शहरों के बाहर होता है। सूत्रों ने कहा कि इनमें से कुछ बैंक प्रभावित हुए हैं। एनपीसीआई फिलहाल ऑडिट करने में जुटी हुई है ताकि यह रैनसमवेयर अटैक ज्यादा बैंकों तक न फैले। बैंकिंग सेक्टर हमेशा से साइबर अपराधियों के निशाने पर रहा है। आरबीआई के अलावा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने हाल ही में कई बार भारतीय बैंकों को संभावित साइबर हमलों के बारे में चेतावनी दी थी।

सिस्टम दोबारा स्थापित

एनपीसीआई ने देर रात रैनसमवेयर हमले से प्रभावित सी-एज टेक्नोलॉजीज के सिस्टम के साथ संपर्क दोबारा स्थापित कर लिया। इससे खाताधारकों के लिए एटीएम से निकासी या यूपीआई का भुगतान फिर से शुरू हो गया। बैंकों को तकनीकी सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी सी-एज टेक्नोलॉजीज का सिस्टम रैनसमवेयर हमले की जद में आ गया था। इसकी वजह से कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों के ग्राहक सोमवार से ही एनईएफटी या यूपीआई के जरिये पैसे नहीं भेज पा रहे थे। उन्हें एटीएम से पैसे निकालने में भी दिक्कतें पेश आ रही थीं।

बिजनेस साइट

विमल वाटिका और वी स्कवायर शोरूम में प्रमुख ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट

रायपुर। पंडरी कपड़ा मार्केट के विमल वाटिका और अम्बुजा मॉल के पास स्थित नए वी स्कवायर शोरूम में सभी सूटिंग, शर्टिंग, एथनिक वियर, लेडिज वियर और किड्सवियर पर 50% की सीधी छूट दी जा रही है। यह छूट प्रमुख ब्रांड्स जैसे रेमंड, रीड एंड टेलर, ब्लैकबेरी, लेवाइस, यूएस पोलो, जैक एंड जोन्स, ओनली, बीबा, काजो, स्पाइकर, लिनेन क्लब, अरविंद और वेरो मोडा पर उपलब्ध है। संचालक महेश चौधरी ने बताया कि यह छूट सीमित समय के लिए है और ग्राहकों द्वारा इसका लंबे समय से इंतजार किया जाता है। इसके साथ ही ग्राहकों को अल्ट्रेशन और स्टिचिंग की सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। विशेष रूप से ब्रांडेड सूटिंग और शर्टिंग फैब्रिक पर 50% छूट एक आकर्षण का केंद्र है, जो वर्तमान में अन्य जगहों पर नहीं मिल रहा है। प्रीमियम सुटलेंग्थ पर भी 50% छूट दी जा रही है। शादी-विवाह के मौके पर विशेष लाभ उठाने के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है।

चीन के झानले ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

नानटेरे। चीन के पैन झानले ने पेरिस ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 46.40 सेकंड का समय लेकर अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार करके स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में तैराकी प्रतियोगिता पिछले चार दिन से चल रही है लेकिन इससे पहले कोई विश्व रिकॉर्ड नहीं बना था। चीन का यह वर्तमान ओलंपिक खेलों में तैराकी में यह पहला स्वर्ण पदक है। पैन ने इससे पहले फरवरी में दोहा में विश्व चैंपियनशिप में 46.80 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के काइल चाल्मर्स ने 47.48 सेकंड का समय लेकर रजत और रोमानिया के डेविड पोपोविसी ने 47.49 का समय लेकर कांस्य पदक जीता।



ओलंपिक : पदक तालिका

क्र.	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	11	7	4	22
2	फ्रांस	8	11	8	27
3	जापान	8	3	4	15
4	ऑस्ट्रेलिया	7	6	4	17
5	अमेरिका	6	13	12	31
43	भारत	0	0	3	03

आज के कार्यक्रम

गोल्फ : पुरुषों के व्यक्तिगत फाइनल्स (दूसरा दौर) : शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर - दोपहर 12.30 बजे
निशानेबाजी : महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन प्रिसिजन: ईशा सिंह और मनु भाकर - दोपहर 12.30 बजे, पुरुषों की स्कीट क्वालीफिकेशन पहला दिन: अनंतजीत सिंह नरुका - दोपहर 1.00 बजे
तीरंदाजी : मिश्रित टीम (1/8 एलीमिनेशन) : भारत (धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत) बनाम इंडोनेशिया - दोपहर 1.19 बजे
नौकायन : पुरुषों का सिंगल स्कल्स फाइनल (फाइनल डी): बलराज पंवार - दोपहर 1.48 बजे
जूडो : महिलाओं का प्लस 78 किग्रा (एलीमिनेशन राउंड ऑफ 32): तूलिका मान बनाम इडालिस ओर्टिज (क्यूबा) - दोपहर 2.12 बजे
पाल नौकायन: महिला डिंगी (रेस तीन): नेत्रा कुमानन - दोपहर 3.45 बजे, महिला डिंगी (रेस चार): नेत्रा कुमानन - शाम 4.53 बजे, पुरुष डिंगी (रेस तीन): विष्णु सरवनन - शाम 7.05 बजे, पुरुष डिंगी (रेस चार): विष्णु सरवनन - रात 8.15 बजे
हॉकी: पुरुष टूर्नामेंट (ग्रुप चरण) : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया - शाम 4.45 बजे
बैडमिंटन: पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल: लक्ष्य सेन बनाम चाउ टिएन चेन (चीनी ताइपे) - शाम 6:30 बजे
एथलेटिक्स : महिला पांच हजार मीटर (हीट एक): अंकिता ध्यानी - रात 9.40 बजे, महिला पांच हजार मीटर (हीट दो): पारुल चौधरी - रात 10.06 बजे, पुरुष गोला फेंक (क्वालीफिकेशन): तेजिंदरपाल सिंह तूर - रात 11.40 बजे

हार... हार... हार..., बैडमिंटन-मुक्केबाजी हॉकी खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| पेरिस

एशियाई खेलों की चैंपियन और पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी को 64 मिनट चले मुकाबले में दुनिया की सातवें नंबर की चिया और सोह जोड़ी के खिलाफ 21-13, 14-21, 16-21 से हार मिली। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता चिया और सोह के खिलाफ 12 मैच में यह भारतीय जोड़ी की नौवीं हार है। हार से पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय जोड़ी का पदक जीतने का सपना टूट गया।

बढ़त बनाने के बाद बेल्जियम से हारी भारतीय हॉकी टीम

हाफटाइम तक एक गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारत को पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन बेल्जियम ने गुरुवार को पूल बी के मैच में 2-1 से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह पहली हार थी जिसने न्यूजीलैंड को 3-2 और आयरलैंड को 2-0 से हराने के अलावा अर्जेंटीना से 1-1 से ड्रॉ खेला था। क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम के लिए अभिषेक ने 18वें मिनट में पहला गोल किया और भारत ने हाफटाइम तक बढ़त बरकरार रखी।

निकहत जरीन का पदक जीतने का सपना टूटा

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किलो) का ओलंपिक पदक जीतने का सपना एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता चीन की वू यू से 0-5 से अप्रत्याशित और एकतरफा हार के साथ खत्म हो गया। निकहत का यह पहला ओलंपिक था और उन्हें वरीयता नहीं मिली थी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ को मान्यता नहीं देती जो विश्व चैंपियनशिप कराता है। भारत की पदक की सबसे प्रबल दावेदारों में से एक निकहत को बेहद कठिन ड्रॉ मिला था।

20 किमी पैदल चाल में भारतीय खिलाड़ियों ने किया निराश

भारतीय खिलाड़ियों का गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष और महिला दोनों वर्ग की 20 किलोमीटर पैदल चाल में निराशाजनक प्रदर्शन रहा। पुरुष वर्ग में विकास सिंह और परमजीत सिंह जहां क्रमश: 30वें और 37वें स्थान पर रहे, वहीं राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह छह किमी के बाद हट गए। महिला वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारक प्रियंका गोस्वामी 41वें स्थान पर रही। उन्होंने एक घंटा 39 मिनट और 55 सेकंड का समय निकाला।

पेरिस की खबरें

अपने 'स्वैग' से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तुर्की का निशानेबाज

शेटराउ। एक हाथ जेब में डाले, बिना किसी सुरक्षा गियर के, बिना कोई विशेष लेंस पहने, अपने रोजमर्रा के चश्मे के साथ एकदम सहजता से पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले तुर्की के पिस्टल निशानेबाज युसूफ डिकेच के 'स्वैग' के चर्चे सोशल मीडिया पर खूब हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर काफी वायरल हो गई है जिसमें वह सफेद रंग की टी शर्ट पहने एक हाथ जेब में डाले निशाना साध रहे हैं। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता जो ओलंपिक निशानेबाजी में तुर्की का पहला पदक है। यह वही स्पर्धा है जिसमें भारत की मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने कांस्य पदक जीता था। 51 वर्ष के युसूफ ने कहा, 'मैं अब 2028 में स्वर्ण लेने की कोशिश करुंगा।'

तीरंदाज जाधव पहले दौर में हारे

भारतीय तीरंदाज प्रवीण जाधव गुरुवार को यहां व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा के पहले दौर में चीन के काओ वेनचाओ के खिलाफ सीधे सेट में हार के साथ पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए। जाधव को राउंड ऑफ 64 में 0-6 (28-29, 29-30, 27-28) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। जाधव ने मुकाबले के दौरान चार बार 10 अंक जुटाए लेकिन चीन का तीरंदाज तीनों सेट में भारतीय खिलाड़ी को एक अंक से पछाड़ने में सफल रहा। जाधव की हार के साथ पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय अभियान समाप्त हो गया क्योंकि अनुभवी तरुणदीप राय और धीरज बोम्मदेवरा पहले ही अपने नॉकआउट मैच हार चुके हैं।

अल्जीरिया की मुक्केबाज पहले दौर में जीतीं

अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ गुरुवार को इटली की प्रतिद्वंद्वी एंजेला कारिनी के मुकाबले के महज 46 सेकंड बाद हटने से पेरिस ओलंपिक का पहले दौर का मुकाबला जीत गईं। खेलीफ को 2023 विश्व चैंपियनशिप में 'लिंग जांच' में विफल होने के बाद 'डिस्क्वालीफाई' कर दिया गया था जिसके बाद से पेरिस में उनकी मौजूदगी चर्चा बनी हुई है। कारिनी और खेलीफ के बीच थोड़े ही मुक्के चले थे। लेकिन कारिनी ने मुकाबला छोड़ दिया जो ओलंपिक मुक्केबाजी में बेहद असामान्य घटना है। कारिनी का 'हेडगियर' दो बार हट गया था जिसके बाद उन्होंने हटने का फैसला किया।

खबर संक्षेप

कुसाले को मिलेगा एक करोड़ रुपए का पुरस्कार

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले के लिए एक करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के पेरिस ओलंपिक में कुल पदकों की संख्या तीन हो गई। शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने कुसाले के पिता और कोच से बात की थी।

माही की तरह कुशल रणनीतिकार हैं रोहित

मुंबई। पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सफेद गेंद के प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की ही तरह कुशल रणनीतिकार है और इस प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक भी हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर टी20 विश्व कप जीता। रोहित भारत के सबसे सफल टी20 कप्तान भी बन गए जिनकी कप्तानी में भारत ने 62 में से 49 मैच जीते।

मेरे पसंदीदा गेंदबाज बुमराह हैं : धोनी

हैदराबाद। महान बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि जसप्रीत बुमराह उनके पसंदीदा गेंदबाज हैं लेकिन उन्होंने पसंदीदा बल्लेबाज के बारे में पूछने पर विराट कोहली और रोहित शर्मा में से एक को चुनने से इनकार किया। यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान धोनी ने कहा, 'मेरा पसंदीदा गेंदबाज चुनना आसान है क्योंकि वह बुमराह हैं। बल्लेबाज चुनना कठिन है क्योंकि इतने सारे अच्छे बल्लेबाज हैं। इसके मायने यह नहीं है कि हमारे गेंदबाज अच्छे नहीं है।'

बैडमिंटन : पीवी सिंधू हार के साथ महिला एकल से बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू को पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां चीन की ही बिंग जियाओ के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे उनका लगातार तीन ओलंपिक में व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का सपना भी टूट गया।

दसवीं वरीय सिंधू को 56 मिनट चले मुकाबले में चीन की छठी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 19-21, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रियो ओलंपिक 2016 की रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता सिंधू की बिंग जियाओ के खिलाफ 21 मैच में 12वीं हार है। बिंग जियाओ ने इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक 2020 के कांस्य पदक के मुकाबले में एक अगस्त को ही बिंग जियाओ को हराकर कांस्य पदक जीता था।

शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियाटेक हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज इगा स्वियाटेक गुरुवार को पेरिस ओलंपिक की महिला टेनिस स्पर्धा के सेमीफाइनल में चीन की झेंग किनवेन से हारकर बाहर हो गईं। झेंग ने पिछले पांच साल में चार फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली स्वियाटेक को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियाटेक के लिए यह करारा झटका था। डब्लूटीए रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झेंग जनवरी में आस्ट्रेलियन ओपन में उपविजेता रहीं थीं।शनिवार के स्वर्ण पदक मैच में 21 वर्षीय झेंग का सामना क्रोएशिया की 13वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच और स्लोवाकिया की गैर वरीय अन्ना करोलिना श्मीडलोवा के बीच मुकाबले की विजेता से होगा।

नडाल सुनिश्चित नहीं की पेरिस में दोबारा खेलेंगे या नहीं

रोला गैरां की लाल बजरी के बादशाह राफेल नडाल इसको लेकर सुनिश्चित नहीं है कि वह फिर से पेरिस के इस ऐतिहासिक टेनिस स्थल पर खेल पाएंगे या नहीं जहां उन्होंने रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी का पुरुष युगल में हारने के साथ ही ओलंपिक में सफर भी समाप्त हो गया। नडाल और कार्लोस अल्काराज की स्पेनिश जोड़ी को ऑस्टिन क्राजिसेक और राजीव राम की चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हराया। इससे पहले पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले नडाल से जब बाद में पूछा गया कि क्या उन्होंने यहां अपना आखिरी मैच खेल लिया है, उन्होंने कहा, 'हो सकता है।



एनसीए में क्रिकेटरों के लिए सत्र का आयोजन



बेंगलुरु। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किए जाने के मद्देनजर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने खेलों में डोपिंग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए गुरुवार को यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भारतीय क्रिकेटरों के लिए सत्र आयोजित किया। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी वाडा अन्य खेलों की तरह भारतीय क्रिकेटरों पर भी नजर रखेगी और ऐसे में उनका डोपिंग रोधी नियमों से अवगत होना जरूरी है।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे में आज रोहित-कोहली पर नजरें

राहुल बनाम पंत मसला सुलझाने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

गौतम गंभीर की अगुवाई वाले भारतीय टीम प्रबंधन के पास श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में यह फैसला करने का मौका होगा कि केएल राहुल और ऋषभ पंत में से कौन वनडे क्रिकेट में भारत का लंबे समय तक विकेटकीपर बल्लेबाज होगा।

इस श्रृंखला में कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर भी निगाहें टिकी रहेगी जो टी20 विश्व कप में जीत के बाद पहली बार कोई मैच खेलेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन बाहर चल रही चर्चाओं पर ध्यान दिए बिना उचित टीम संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा क्योंकि इस सत्र में चैंपियंस ट्राफी सहित कुछ महत्वपूर्ण वनडे प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस संदर्भ में राहुल बनाम ऋषभ का मसला निश्चित तौर पर प्राथमिकता में होगा। पंत के चोट से उबरकर वापसी करने से पहले राहुल ने विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका अच्छी तरह से निभाई थी। उन्होंने विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन किया था। राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले पिछले टीम प्रबंधन ने उन पर पूरा भरोसा दिखाया था। लेकिन अब जबकि पंत की वापसी हो गई है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि गंभीर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को प्राथमिकता देते हैं या पिछले टीम प्रबंधन की तरह राहुल पर ही विश्वास बनाए रखते हैं। अगर गंभीर और कप्तान रोहित इन दोनों बल्लेबाजों को अंतिम एकादश में बनाए रखने का फैसला करते हैं तो तब उन्हें इस पर विचार करना होगा कि श्रेयस अय्यर को कैसे टीम में फिट किया जाए जो 50 ओवरों की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं।

दुबे पर पराग का पलड़ा भारी

भारत नंबर छह बल्लेबाज के रूप में शिवम दुबे या रियान पराग में से किसी को मौका दे सकता है। इसमें पराग का पलड़ा भारी लग रहा है क्योंकि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 श्रृंखला में गेंदबाज की भूमिका भी निभाई थी। दूसरी तरफ पांच साल पहले वनडे मैच खेलने वाले दुबे ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में केवल एक मैच खेला और उसमें भी उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। गंभीर इसके अलावा रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर भी निगाह बनाए रखेंगे क्योंकि उन्होंने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम तैयार करनी है।

ई-नीलामी सूचना

ऋण वसूली अधिकरण, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर (म.प्र)- 482001

Case No.. : RC/233/2022 / ओ.ए. नं. 1/2020
ई-नीलामी क्रमांक 202/2024

• **IDBI BANK LIMITED** वि. **OM PRAKASH PATEL** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC 233 / 2022 / O.A. No. 1/2020 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 21,73,288.00 (Rupees Twenty One Lakhs Seventy Three Thousand Two Hundred Eighty Eight only)** तथा उस पर 9.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 30.12.2019 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगीं।

ई- नीलामी की तिथि एवं समय- 05/09/2024 दोपहर 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Agriculture Land bearing Khasra No.-371/1, area admeasuring 2.59 hectare or 6.40 Acre, situated at Village- Daniya, PC No.-26, RIC Dhamdha Block & Tehsil Dhamdha, District- Durg (C.G.); Property in the name of Shri Om Prakash Patel S/o Shri Dhal Singh Patel.

प्रारक्षित मूल्य- Rs. 46,08,000.00 (Rupees Forty Six Lakh Eight Thousand only);

विक्रय की शर्तें

1. इच्छुक निविदाकर्ता, वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक जिाकारी के लिए **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No.0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com** 2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें। 3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ ले) । 4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये : **Rs. 4,60,800.00 (Rupees Four Lakh Sixty Thousand Eight Hundred only)** है, RTGS/ NEFT / MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित **खाता नंबर- 31067074055** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with **State Bank of India, Ridge Road Branch, Jabalpur (IFSC Code: SBIN0007208)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा । 5. **निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 03/09/2024 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी।** 6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाईडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूचि एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावे। 7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम **Rs. 50,000 (Rupees Fifty Thousand only)** होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा। 8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है, तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी। 9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजि करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी। 10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यलयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात् विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे। 11. संपत्ति **"जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत"** के आधार पर विक्रय की जायेगी। 12. संपत्ति का निरिक्षण दिनांक **22.08.2024 प्रात: 12 बजे से 16 बजे** तक किया जा सकेगा। 13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी। 14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा। 15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **SHRI SATYAJEET BANERJEE, AGM, Mob. No. 8435005007** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वूसली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। 16. ई-नीलामी के संबंध मे विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd.**, website: **https://www.bankeauctions.com;** Helpline No. 0124-4302020/21/22/ 23/24, for help a bidder in e-auction contact to **Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466,** E-mail id:- **mpcg@c1india.com** or E-mail ID: **support@bankeauctions.com** 17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **SHRI SATYAJEET BANERJEE, AGM, Mob. No. 8435005007** से प्राप्त की जा सकती है। 18. इच्छुक निविदाकर्ता- ई- नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/ बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(वात्सल्य कुमार)
स्थान- जबलपुर, **वसूली अधिकारी 1**
दिनांक- 24/07/2024 **ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर (म.प्र.)**

मोबाइल टार्च के सहारे हो रही प्रसव प्रक्रिया, अस्पताल में इंवर्टर है लेकिन वह भी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम के हालात बद से बदतर हो चुकी हैं। बिजली गुल होने के बाद अस्पताल में उपचार मोबाइल टार्च के जरिए किया जा रहा है। वहीं लेबर रूम में स्टाफ नर्स मोबाइल के टार्च के जरिए प्रसव करवा रही हैं।

अस्पताल में दो बड़े जनरेटर रखे हुए हैं, वह करीब दो साल से खराब है। वहीं, यहां सौर पैनल तो लगा है, लेकिन वह ज्यादातर खराब रहता है। अस्पताल में बिजली बाधित होने के बाद परेशानी निर्मित होती है। कभी-कभी तो पूरी रात बिजली गुल हो जाती है, ऐसे में जब मरीजों का इलाज और प्रसव का समय आता हैं, तो स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मोबाइल टार्च या मोमबत्ती की रोशनी के सहारे चिकित्सा संबंधी सेवाएं देनी पड़ती हैं। इसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीणों के उपचार पर पड़ रहा है।

अलग खबर

जनरेटर दो साल से खराब

अस्पताल में पहले से दो जनरेटर लगे हुए हैं, दोनों करीब दो साल से खराब हैं और सौर ऊर्जा का उपकरण भी बंद पड़ा हुआ है। कलेक्टर ने 28 जून को भोपालपटनम दौरा किया था, लाइट की समस्या को देखते हुए उन्होंने तत्काल नया जनरेटर भिजवा दिया, लेकिन उसे इंस्टाल नहीं किया जा सका है।

अस्पताल में पसर जाता है अंधेरा

बिजली जाने के बाद अस्पताल में पूरा अंधेरा पसर जाता है। जिसके चलते वहां रखे फ्रिजर में टिटनेस, बच्चों को लगने वाली वैक्सीन भी खराब हो रहे हैं। वैक्सीन को ठंडी जगह फ्रिज में रखना होता है।

नया जनरेटर

नया जनरेटर आया है। उसे इंस्टाल करने सीएमएचओ को सूचना दे चुका हूं। इन्वर्टर था वो भी वायरिंग की वजह से खराब हो गया है।

-डॉ. चलपति राव
बीएमओ

जून की बिजली 8.41 फीसदी सस्ती, स्टील उद्योगों को भी प्रति यूनिट 53 पैसे की राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को नए टैरिफ में भले 20 पैसे महंगी बिजली का झटका लगा है, लेकिन जून की बिजली में एक बड़ी राहत भी मिलने वाली है। अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण इस बार जून की बिजली 8.41 फीसदी सस्ती हो गई है। मई में एफपीपीएएस 9.10 फीसदी था, जो जून में महज 0.69 फीसदी हो गया है। एफपीपीएएस का नया फार्मूला पिछले साल अप्रैल से लागू होने के बाद पहली बार किसी माह की बिजली में इतना कम प्रतिशत तय हुआ है। ऐसा होने से स्टील उद्योगों को जून की खपत में 53 पैसे से ज्यादा प्रति यूनिट पर कम लगेंगे। घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को भी 33 से 45 पैसे प्रति यूनिट कम देने पड़ेंगे।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया और अब जून में अब तक का सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया है।

घरेलू उपभोक्ताओं को 33 से 45 पैसे प्रति यूनिट लगेंगे कम

स्टील उद्योग को 53 पैसे यूनिट की राहत

स्टील उद्योगों ने महंगी बिजली को लेकर उद्योग बंद कर दिए हैं। इस बीच जून के बिजली के लिए तय एफपीपीएएस के कारण अब स्टील उद्योगों को अगस्त में जो जुलाई का बिल आएगा उसमें जून की खपत पर एफपीपीएस लगेगा वह महज 0.69 प्रतिशत होने के कारण इनको 53 पैसे से ज्यादा प्रति यूनिट पर राहत मिलेगी। स्टील उद्योग का टैरिफ 6.35 रुपए है। इसमें मई में 9.10 फीसदी के हिसाब से शुल्क लगा था तो 57 पैसे से ज्यादा प्रति यूनिट के लगे, लेकिन अब 53 पैसे कम होकर महज चार पैसे प्रति यूनिट पर लगेंगे।

हर वर्ग को राहत

जून का एफपीपीएएस महज 0.69 फीसदी होने के कारण सभी वर्गों को राहत मिलेगी। यह मई से 8.41 प्रतिशत कम है।

- भीम सिंह कंवर, एमडी, पॉवर वितरण कंपनी

घरेलू को 33 से 45 पैसे प्रति यूनिट की राहत

घरेलू उपभोक्ताओं को खपत के हिसाब से 100 से 600 यूनिट 33 पैसे से 45 पैसे यूनिट में राहत मिलेगी। 100 से 200 यूनिट पर 33 पैसे, 400 यूनिट की खपत पर 40 पैसे और 600 यूनिट की खपत पर 45 पैसे प्रति यूनिट पर जून की खपत में कम लगेंगे।

शख्स ने हाथों पर चलते हुए खीचें तीन विमान, बना दिया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

न्यूयार्क। कई लोग ऐसा कार्य करते हैं, जिसकी चर्चा हर तरफ होती है। अब इन दिनों एक व्यक्ति की चर्चा दुनियाभर में हो रही है। इस व्यक्ति ने कुछ ऐसा कार्य ही किया है। शख्स ने हाथों के बल चलकर 3 विमानों को खींचकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। इस व्यक्ति का नाम माटेओ है, जो खुद को 'द हैंडस्टैंड व्हीकल' कहता है। उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाने के लिए कठिन परिश्रम किया। साल 2018 से माटेओ ने अपने शरीर को फिट रखने और रिकॉर्ड बनाने के लिए क्रॉसफिट (तेजी से किया जाने व्यायाम) किया। इसके अलावा उन्होंने सप्ताह में तीन से छह बार कसरत भी की।

दुनिया में ऐसा कौन सा जानवर है जो अंडे और दूध दोनों देता है?

न्यूयार्क। जीव दो प्रकार के होते हैं- अंडे से जन्म लेने वाले और मां के गर्भ से निकलने वाले। स्तनधारी जीव की एक विशेषता यह है कि वे माँ के गर्भ में भ्रूण रखते हैं और एक निश्चित अवधि के बाद बच्चे को जन्म देते हैं। वहीं, अंडे देने वाले जीव बाहर आने के बाद अंडे को गर्माहट से बच्चे में तब्दील करते हैं। सरकारी नौकरी के लिए इंटरव्यू पास करने के लिए सामान्य ज्ञान अच्छा होना चाहिए! इसका उत्तर है - प्लैटिपस और इकिडना। शायद हममें से ज्यादातर लोग इनका नाम ही पहली बार सुन रहे होंगे। प्लैटिपस और इकिडना दोनों स्तनधारी हैं, लेकिन संतान पैदा करने के लिए ये जीव अंडे देते हैं। प्लैटिपस ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। हालांकि, वे बत्तखों की तरह दिखते हैं और पानी में रहते हैं, लेकिन प्लैटिपस न तो पक्षी हैं और न ही मछली। वे स्तनधारी जीव हैं। स्तनधारियों की तरह उनके दांत नहीं, पूरी चोंच होती हैं। उस चोंच से यह पानी के तल से चम्मच की तरह घोंघे, गुगली, जेलिफ़िश, लार्वा, कीड़े आदि उठा लेता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com